(7) राज्यपाल, इस धारा के अधीन वित्त आयोग द्वारा की गयी प्रत्येक सिफारिश को उस पर की गई कार्यवाही के स्पष्टीकारक ज्ञापन के साथ राज्य विधान मण्डल के दोनों सदनों के समक्ष रखवायेगा।}[1]

---

1. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9, 1994 की धारा 40 द्वारा बढ़ाया गया।

भूमि अर्जित करने की शक्ति

33–– यदि {ग्राम पंचायत}[5] अथवा ऐसी अनेक {ग्राम पंचायतें}[5] जो धारा 20 अथवा 30 के उपबन्धों के अधीन एक में सम्मिलित हुई हों, इस अधिनियम के किसी प्रयोजन को कार्यान्वित करने के लिये किसी भूमि की अपेक्षा करे, तो वह {ग्राम पंचायत}[5] अथवा {ग्राम पंचायतें}[5] पहले तो आपसी बातचीत द्वारा भूमि ग्रहण करने का प्रयत्न करेंगी ओर यदि सम्बन्धित पक्ष, करार करने में चूक जायं, तो ऐसी {ग्राम पंचायत}[5] या {ग्राम पंचायतें}[5] भूमि अर्जित करने के लिये कलेक्टर की नियत प्रपत्र में आवेदन पत्र दे सकती है और कलेक्टर ऐसी भूमि को ऐसी {ग्राम पंचायत}[5] अथवा अथवा {ग्राम पंचायतों}[5] के लिये अर्जित कर सकता है।

स्पष्टीकरण– इस अध्याय में पद ''भूमि'' के अन्तर्गत भूमि से प्रोद्भूत होने वाले फायदे और पृथ्वी से संलग्न किसी चीज के साथ स्थायी रूप से जकड़ी हुई चीजें हैं।

गांव सभा में निहित सम्पत्ति

34–– (1) राज्य सरकार द्वारा किये गये किसी विशेष आरक्षण के अधीन रहते हुए {ग्राम पंचायत}[6] की अधिकारिता के भीतर स्थित समस्त सार्वजनिक सम्पत्ति {ग्राम पंचायत}[6] में निहित होगी तथा {ग्राम पंचायत}[6] की होगी और ऐसी समस्त अन्य सम्पत्ति सहित, जो {ग्राम पंचायत}[6] में निहित हो जाय, उसके निदेश, प्रबन्ध तथा नियंत्रण में होगी।

(2) ऐसे समस्त बाजार तथा मेले अथवा उनके ऐसे अंश का, जो सार्वजनिक भूमि पर लगते हों, प्रबन्ध और विनियमन {ग्राम पंचायत}[6] द्वारा किया जायगा और {ग्राम पंचायत}[6], गांव निधि के खाते में ऐसे समस्त देयों का प्राप्त करेगी जो उसके सम्बन्ध में उद्गहीत या आरोपित किये गये हों।

दावों का निस्तारण

35–– यदि धारा 34 में उल्लिखित किसी सम्पत्ति के स्वामित्व के सम्बन्ध में {ग्राम पंचायत}[6] और किसी व्यक्ति के बीच विवाद उत्पन्न हो तो {ग्राम पंचायत}[6] ऐसे व्यक्तियों को सुनवाई का समुचित अवसर देगी और तब यह निर्णय करेगी कि उक्त सम्पत्ति को {ग्राम पंचायत}[6] की सम्पत्ति समझा जाय या नहीं।

{36–– कोई {ग्राम पंचायत}[6] राज्य सरकार से अथवा नियत प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति से तथा ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जो नियत की जायं, विधि द्वारा स्थापित किसी वित्तीय निगम अथवा किसी अनुसूचित बैंक या उत्तर प्रदेश को–आपरेटिब बैंक अथवा डिस्ट्रिक्ट को–आपरेटिव बैंक {या किसी अन्य गांव सभा}[2] से इस अधिनियम के किसी भी प्रयोजन को कार्यान्वित करने के लिये धनराशि उधार ले सकती है।}[1]

{37–– (1) {ग्राम पंचायत}[8] एतद्पश्चात् दिये गये खण्ड (क) और (ख) में वर्णित कर लगायेगी और खण्ड (ग), (घ), (ङ), (च), (छ), (ज), (झ), (ञ) और (ट) में वर्णित सभी या कोई कर, फीस और शुल्क लगा सकती है, अर्थात् – }[3]

{(क) उन क्षेत्रों में जहां उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि–व्यवस्था अधिनियम, 1950, जौनसार बावर जमींदारी विनाश और भूमि–व्यवस्था अधिनियम, 1956 अथवा कुमायूं तथा उत्तराखण्ड जमींदारी विनाश तथा भूमि–व्यवस्था अधिनियम, 1960 के अधीन मध्यवर्तियों के अधिकार, आगम और स्वत्व अर्जित कर लिये गये हों, भूमि पर उसके लिये देय अथवा देय समझी जाने वाली भू–राजस्व की धनराशि पर प्रति रूपया {कम से कम पचीस पैसे किन्तु पचास पैसे}[4] से अनधिक कर लगा सकती हैः

---

1. उ0प्र0 अधिनियम 03, 1973 की धारा 10 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 18 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 19 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 19 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9, 1994 की धारा 41 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 42 तथा 43 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।

प्रतिबन्ध यह है कि यदि भूमि पर उस व्यक्ति से, जिसके द्वारा लिये भू–राजस्व देय हो अथवा देया समझा जाय, भिन्न व्यक्ति वास्तव में कृषि करता हो तो कर उस व्यक्ति द्वारा देय होगा, जो उस पर वास्तव में कृषि करता हो ;

(ख) खण्ड (क) में अभिदिष्ट क्षेत्रों से भिन्न क्षेत्रों में भौमिक अधिकार से सम्बन्धित प्रवृत्त विधि के अधीन किसी काश्तकार द्वारा वह कुछ भी कहलाता हो, देय भू–राजस्व को धनराशि में प्रति रूपया {कम से कम पच्चीस पैसे किन्तु पचास पैसे}[5] से अनधिक कर लगा सकती है :

प्रतिबन्ध यह है कि यदि भूमि पर उस व्यक्ति से, जो उसके लिए भू–राजस्व का देनदार हो, भिन्न व्यक्ति वास्तव में कृषि करता हो तो कर उस व्यक्ति द्वारा देया होगा जो उस पर वास्तव में कृषि करता हो;}[4]

{(ग) {ग्राम पंचायत}[7] के क्षेत्र में अस्थायी रूप से स्थित प्रेक्षागृह, सिनेमा अथवा इसी प्रकार के आमोद पर कोई कर, जो पांच रूपया प्रतिदिन से अधिक नहीं होगा, लगा सकती है।}[3]

(घ) {ग्राम पंचायत}[7] के क्षेत्र के भीतर रखे गये ओर किराये पर चलाये जाने वाले पशुओं और यन्त्रचालित वाहनों से भिन्न वाहनों पर उनके स्वामियों द्वारा निम्नलिखित दर से देय कर लगा सकती है जो––

(1) जानवरों की दशा में, प्रति जानवर तीन रूपया प्रतिवर्ष से अधिक न होगा,

(2) गाड़ियों की दशा में, प्रति वाहन छः रूपया प्रतिवर्ष से अधिक न होगा;

(ङ) उन व्यक्तियों पर {कोई कर}[1] लगा सकती है, जो ऐसे व्यक्ति नहीं है जिन पर खण्ड (ग) के अधीन {कर}[1] निर्धारित किया जाता हो और जो ऐसे बाजारों, हाटों अथवा मेंलों में बिक्री के लिए सामानों को अभिदर्शित करे, जो सम्बन्धित {ग्राम पंचायत}[7] के हों अथवा उसके नियन्त्रण में हों;

(च) ऐसे पशुओं के रजिस्ट्रीकरण पर फीस लगा सकती है, जिसकी बिक्री किसी ऐसे बाजार अथवा स्थान पर की जाती हो, जो {ग्राम पंचायत}[7] के हों अथवा उसके नियंत्रण में हों;

(छ) वध–शालाओं और पड़ाओं की भूमि के प्रयोग के लिए फीस लगा सकती है;

{(ज) जल शुल्क, जहां {ग्राम पंचायत}[7] द्वारा घरेलू उपभोग के कलए जल सम्भारित किया जाता हो;}[2]

(झ) निजी शौचालयों या नालियों की सफाई के लिए कर, जो उन गृहों के जिनसे निजी शौचालय की नाली संलग्न हो स्वामियों या अभ्यासियों द्वारा देय होगा, उस दशा में ऐसी सफाई {ग्राम पंचायत}[7] के अभिकरण के माध्यम से की जायय

{(ञ) सड़कों की सफाई और उन पर रोशनी और स्वच्छता के लिये कर;}[6]

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 19, 1957 की धारा 4 (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 10, 1965 की धारा 4 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 33, 1961 की अनुसूची 8 (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 03, 1973 की धारा 11 (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 19 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 19 (घ) द्वारा अन्तर्विष्ट।
7. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

{(ट) सिंचाई शुल्क, जहां {ग्राम पंचायत}[2] द्वारा अपने द्वारा निमित या अनुरक्षित किसी लघु सिंचाई प्रयोजना से सिचाई के लिए जल सम्भारित किया जाता हो;}[1]

{(ठ) कोई ऐसा अन्य कर, जिसे राज्य में आरोपित करने का अधिकार राज्य विधान मण्डल को संविधान के अधीन उसके अनुच्छेद 277 को सम्मिलित करते हुए और जिसका ग्राम पंचायत द्वारा आरोपण राज्य सरकार ने प्राधिकृत किया हो।}[3]

(2) उपधारा (1) के अधीन कर, शुल्क तथा फीस ऐसी रीति से तथा ऐसे समयों पर आरोपित, निर्धारित तथा वसूल किये जायेंगे, जो नियत किये जाय।

{37–क–– (1) {ग्राम पंचायत}[4] द्वारा लगाये गये कर, शुल्क अथवा फीस के विरूद्ध अपील नियम प्राधिकारी को की जायेगी।

(2) यदि नियत प्राधिकारी की जानकारी में यह बात लाई जाय कि कर, शुल्क अथवा फीस किसी ऐसे व्यक्ति पर आरोपित नहीं किया गया है, जिस पर उसे आरोपित किया जाना चाहिए था, तो वह {ग्राम पंचायत}[4] की उस व्यक्ति या उन व्यक्तियों पर कर, शुल्क अथवा फीस आरोपित करने का निदेश दे सकता है और {ग्राम पंचायत}[4] तदुपरान्त तद्नुसार कार्य करेगी।

करों और देयों को माल–गुजारी की बकाया के रूप में वसूल किया जायगा

37–ख–– इस अधिनियम के अधीन आरोपित करों के कारण समस्त देयों और {ग्राम पंचायत}[4] को देय अन्य धनराशियों को मालगुजारी की बकाया के रूप में वसूल किया जायगा यदि सम्बन्धित {ग्राम पंचायत}[4] निर्धारण के दिनांक से तीन मास के भीतर इस आशय का एक संकल्प पारित करे :

प्रतिबन्ध यह है कि यदि {ग्राम पंचायत}[4] उक्त तीन मास की अवधि के भीतर ऐसा संकल्प पारित करने में चूक करे, तो नियत प्राधिकारी करों के बकायों को मालगुजारी की बकायों के रूप में वसूल करने का प्राधिकार देगा।

कर, शुल्क अथवा फीस की छूट

37–ग–– (1) राज्य सरकार किसी ऐसी अवधि के सम्बन्ध में चाहे वह उत्तर प्रदेश पंचायत राज (संशोधन) अधिनियम, 1954 के प्रारम्भ के पूर्व की हो अथवा बाद की, {ग्राम पंचायत}[4] द्वारा लगाये गये किसी कर, शुल्क अथवा फीस की पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से छूट दे सकती है।

(2) उपधारा (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा प्रयोक्तवय शक्ति नियत प्राधिकारी द्वारा भी या जो सामान्य रूप से या किसी विनिर्दिष्ट क्षेत्र में ऐसी परिस्थितियों में प्रयोक्तव्य होगी, जिन्हें राज्य सरकार नियत करे।

(3) {ग्राम पंचायत}[4] की संकल्प द्वारा और ऐसी परिस्थितियों में, जो नियत की जायं, किसी ऐसे कर, शुल्क अथवा फीस की पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से छूट दे सकती है जो उसके द्वारा आरोपित किया गया हो या लगाया गया हो :

किन्तु प्रतिबिन्ध यह है कि कोई ऐसा संकल्प तब तक प्रभावी नही होगा जब तक कि उसे नियत प्राधिकारी द्वारा अनमोदित न कर दिया जाय।

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 10, 1965 की धारा 4 (ख) द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 43 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 44 द्वारा प्रतिस्थापित।

(4) यदि उपधारा (1) से (3) तक के अधीन किसी कर, शुल्क अथवा फीस की छूट दी गयी हो, तो इस प्रकार छूट दिये गये कर, शुल्क अथवा फीस के सम्बन्ध में निर्धारिती से वसूल की गई कोई धनराशि उसे {ग्राम पंचायत}[5] द्वारा वापस कर दी जायगी।}[1]

देयों की वसूली तथा निधियों और लेखों की अभिरक्षा

38–– गांव पंचायत ऐसी रीति से जो नियत की जाय, पंचायत के करो ंऔर देयों की वसूली, अपनी निधियों की अभिरक्षा और लेखें के अनुरक्षण का प्रबन्ध करेगी।

न्याय पंचायत के व्यय गांव निधि पर भारित होंगे

{39–– (1) न्याय पंचायत के व्यय गांव निधि अथवा सर्किल में समाविष्ट {ग्राम पंचायतों}[5] के गांव निधि या गांव निधियों पर ऐसे अनुपात में भारित होंगे जो नियत प्राधिकारी द्वारा अवधारित किया जाय।

(2) इस अधिनियम के अधीन विचारणीय वाद में न्यायालय फीस और जुर्माने के रूप में वसूल की गई समास्त धनराशियां राज्य सरकार के खाते में जमा की जायेगी, किन्तु राज्य सरकार इस वसूल की गई धनराशि में से संबंधित {ग्राम पंचायत}[5] को अनुदान रूप में 50 प्रतिशत से अनधिक ऐसे अंश जिसे वह निश्चित करे, का भुगतान न्याय पंचायत के व्ययों को पूरा करने के लिये करेगी।}[2]

लेखा–परीक्षा

{40–– प्रत्येक {ग्राम पंचायत}[5] और न्याय पंचायत के लेखे की परीक्षा {प्रत्येक वर्ष}[6] ऐसी रीति से {और ऐसी फीस का भुगतान करने पर}[4] की जायेगी जो नियत की जाय जाय।}[3]

ग्राम पंचायत का बजट

{41–– प्रत्येक ग्राम पंचायत ऐसी अवधि के भीतर और ऐसी रीति से, जैसी नियत की जाय, आगामी पहली अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए ग्राम पंचायत की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण तैयार करेगी, जो कि ग्राम पंचायत द्वारा उसकी बैठक में उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों की साधारण बहुमत से पातिर किया जायेगा और ऐसी बैठक के लिए गणपूर्ति ग्राम पंचायत के सदस्यों की कुल संख्या के आधे के अधिक से होगी।}[7]

अध्याय– 6
न्याय पंचायत

न्याय पंचायत की स्थापना

42–– (1) राज्य सरकार अथवा नियत प्राधिकारी जिले की सर्किलों में विभाजित करेगा और {ग्राम पंचायतों}[8] की अधिकारिता के अधीन रहते हुए प्रत्येक सर्किल में उतने क्षेत्र समाविष्ट होंगे, जितने इष्टकर हों तथा ऐसे प्रत्येक सर्किल के निमित्त एक न्याय पंचायत की स्थापना करेगाः

प्रतिबन्ध यह है कि प्रत्येक सर्किल के भीतर {ग्राम पंचायत}[8] के क्षेत्र यथासंभव परस्पर संलग्न होंगे।

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 02, 1955 की धारा 29 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उपर्युक्त की धारा 30 द्वारा बढाया गया।
3. उपर्युक्त की धारा 31 द्वारा बढाया गया।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 20 द्वारा अन्तर्विष्ट।
5. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9, 1994 की धारा 45 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 46 द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 47 द्वारा प्रतिस्थापित।
8. उपर्युक्त की धारा 48 द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) प्रत्येक न्याय पंचायत में सदस्यों की संख्या न्यूनतम दस तथा अधिकतम पच्चीस के अधीन रहते हुए उतनी होगी जो नियत की जाय, किन्तु न्याय पंचायत के लिये यह विधि सम्मत होगा कि उसमें किसी रिक्ति के होते हुए भी यह कार्य करती रहे :

प्रतिबन्ध यह है कि उसमे पंचों की संख्या नियत संख्या के दो–तिहाई से कम न हो।

पंचों की नियुक्ति और उनका कार्यकाल

43–– (1) नियत प्रधिकारी द्वारा {ग्राम पंचायत}[7] के सदस्यों में से उतनी संख्या में व्यक्ति न्याय पंचायत के पंच होने के लिये नियुक्त किये जायेंगे जितनी की नियत की जाय और तदुपरान्त इस प्रकार नियुक्त व्यक्ति {ग्राम पंचायत}[7] के सदस्य न रह जायेंगे तथा {ग्राम पंचायत}[7] में उनके स्थान यथाशक्य धारा 12 में उपबन्धित रीति से भरे जायेंगे :

{प्रतिबन्ध यह है कि यदि न्याय पंचायत के पंच होने के लिये वांछित संख्या में {ग्राम पंचायत}[7] के सदस्य उपलब्ध न हों, तो नियत प्राधिकारी के लिये यह विधि सम्मत होगा कि वह इस प्रकार हुई रिक्तियों की, यदि कोई हो, पूर्ति गांव सभा के अन्य सदस्यों में से नामांकन द्वारा कर दे।}[6]

(2) कोई व्यक्ति न्याय पंचायत का पंच तब तक न नियुक्त किया जायगा जब तक कि उसमें व अर्हतायें न हों जो नियत की जायः

{प्रतिबन्ध यह है कि यदि ऐसी नियुक्तियों के लिये नियत अर्हतायें रखने वाले उपयुक्त व्यक्ति उपलब्ध न हों, तो नियत प्राधिकारी ऐसी अर्हताओं में से किसी या सभी अर्हताओं को लिखित आदेश द्वारा शिथिल कर सकता है।}[4]

सरपंच तथा सहायक सरपंच का निर्वाचन

44–– {धारा 43 के अधीन नियुक्त पंच ऐसी रीति से और ऐसी अवधि के भीतर, जो नियत की जाय, अपने में से ऐसे दो व्यक्तियों को, जो कार्यवाहियों को अभिलिखित करने की क्षमता रखते हो, सरपंच तथा सहायक सरपंच के रूप में निर्वाचित करेंगे :

प्रतिबन्ध यह है कि यदि पंच यथापूर्वोक्त सरपंच अथवा सहायक सरपंच निर्वाचित करने में चूक करें तो नियत प्राधिकारी सरपंच या सहायक सरपंच नियुक्त कर सकती है।}[1]

पंच का कार्यकाल

45–– {न्याय पंचायत के प्रत्येक पंच का कार्यकाल इस प्रकार उसकी नियुक्ति के दिनांक से प्रारम्भ होगा और जब तक इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन अन्यथा समाप्त न हो जाय, उस गांव पंचायत के कार्यकाल के साथ समाप्त होगा, जिससे वह नियुक्त किया गया था :

प्रतिबन्ध यह है कि सरपंच तथा सहायक सरपंच अपने–अपने पदों पर तब तक बने रहेंगे तब तक उनके उत्तराधिकारी निर्वाचित अथवा नियुक्त न हो जायं।}[5]

46–– { *** }[2]

पंचो का पद त्याग

47–– {पंच, सरपंच अथवा सहायक सरपंच ऐसे प्राधिकारी को, जो नियत किया जाय, सम्बोधित स्वहस्ताक्षरित लेख द्वारा इस प्रकार अपना पद त्याग सकेगा और तदुपरान्त उसका पद रिक्त हो जायगा।}[3]

---

1. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 2 वर्ष 1955 की धारा 34 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 36 द्वारा निकाला गया।
3. उपर्युक्त की धारा 37 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 15, 1960 की धारा 13 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 14 द्वारा प्रतिस्थपित।
6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 3, 1973 की धारा 12 द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

48–– { *** }[1]

न्याय पंचायत की न्यायपीठ

49–– {(1) सरपंच, न्याय पंचायत के समक्ष आने वाले आपराधिक वादों तथा जाचों के निस्तारण के लिये न्यायपीठें बनायेगा, जिनमें प्रत्येक में पांच पंच होंगे।

(2) न्यायपीठों का बनाया जाना, अवधि जिस तक वे कार्य करेंगे, जिसके अन्तर्गत आंशित रूप में सुने गये आपराधिक वादों की सुनवाई भी है, न्यायापीठों के बीच कार्य के विभाजन, अन्तरण तथा पुनः अन्तरण का ढंग और वादों तथा जांचों में उनके द्वारा सामान्य रूप से अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया नियमों के अधीन होगी।

(3) कोई पंच सरपंच अथवा सहायक सरपंच किसी ऐसे वाद के विचारण अथवा जांच में भाग न लेगा, जिसमें वह स्वयं या उसका कोई निकट संबंधी सेवायोजक, सोवायेाजित कर्मचारी, ऋणी, ऋणदाता अथवा भागीदार एक पक्ष हो अथवा जिसमें उनमें सेकोई व्यक्तिगत रूप से अभिरूचि रखता हो।

(4) इस धारा में किसी बात के होते हुए भी राज्य सरकार किसी वर्ग अथवा वर्गों के वादों के विचारण के लिये विशेष न्यायापीठों का संघटन नियत कर सकती है :

प्रतिबन्ध यह है कि राज्य सरकार किसी भी समय ऐसे विशेष न्यायपीठ के पुनसंघठन के लिये आदेश दे सकती है।

(5) न्यायपीठों के बनाये जाने अथवा उनके कार्यकरण के ढंग से संबंधित कोई विवाद नियत प्राधिकारी को अभिदिष्ट किया जायगा, जिसका निर्णय अन्तिम होगा।}[2]

आकस्मिक रिक्तियों का भरा जाना

{50–– (1) यदि किसी पंच का पद उसकी मृत्यु हो जाने, उसे हटाये जाने अथवा उसके पदत्याग देने के कारण रिक्त हो जाये तो उसे धारा 45 के उपबंधों के अधीन रहते हुये उसके कार्यकाल की असमाप्त अवधि के लिये नियत प्राधिकारी द्वारा {ग्राम पंचायत}[6] के तत्समय के सदस्यों में से किसी व्यक्ति को नियुक्त करके भरा जायेगा और यदि वह पंच जिसने पद रिक्त किया हो, सरपंच या सहायक सरपंच भी रहा हो तो यथास्थिति एक नया सरंपच अथवा सहायक सरपंच धारा 44 के उपबंधित रीति से निर्वाचित किया जायेगा ।

(2) उपधारा (1) के अधीन पंच के रूप में नियुक्त किया गया कोई व्यक्ति अपनी नियुक्ति के दिनांक से गांव का सदस्य न रह जायेगा और {ग्राम पंचायत}[6] में इस प्रकार हुई कोई रिक्ति धारा 12–ज के प्रयोजन के लिये आकस्मिक रिक्ति समझी जायेगी ।}[3]

सहायक सरपंच की शक्तियां

{50–क–– सहायक सरपंच, सरपंच की ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा, जो नियत की जाये ।}[4]

क्षेत्रीय अधिकारिता 1898 का अधिनियम सं0 5

{51–– (1) {दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973}[7] में किसी बात के होते हुये न्याय पंचायत द्वारा विचारण योग्य प्रत्येक आपराधिक वाद उस सर्किल के न्याय पंचायत के सरपंच के समक्ष संस्थित किया जायेगा, जिसमें अपराध किया हो।}[5]

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2 1955 की धारा 38 द्वारा निकाला गया।
2. उपर्युक्त की धारा 39 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 40 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 41 द्वारा बढ़ाया गया।
5. उपर्युक्त की धारा 42 (1) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 21(क) द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 में किसी बात के होते हुये भी इस अधिनियम के अधीन संस्थित प्रत्येक आपराधिक वाद उस सर्किल के न्याय पंचायत के सरपंच के समक्ष संस्थित किया जायेगा, जिसमें {प्रतिवादी और यदि एक से अधिक प्रतिवादी हो तो सभी प्रतिवादी, सिविल वाद के संस्थित होने के समय सामान्य रूप से निवास करते हों या व्यापार करते हों।}[3], भले ही वाद कारण किसी भी स्थान में उत्पन्न हुआ हो। 1908 का अधिनियम सं0 5

(3) { ***}[1]

{52–– (1) निम्नलिखित अपराध तथा ऐसे अपराधों को करने के दुश्प्रेरण तथा प्रयास यदि किसी न्याय पंचायत की अधिकारिता के भीतर किये जाये तो वे ऐसे न्याय पंचायत के संज्ञेय होगें :– न्याय पंचायत द्वारा संज्ञेय अपराध

(क) भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 140, 160, 172, 174, 179, 269, 277, 283, 285, 289, 290, 294, 323, 334, 341, 352, 357, 358, 374, 379, 403 तथा 411 (जहां धारा 379, 403 तथा 411 के अधीन आपराधिक वादों में चुराई गई अथवा दुर्विनियुक्त सम्पत्ति का मूल्य 50 रू0 से अधिक न हो, 426, 428, 430, 431, 447, 448, 504, 506, 509 तथा 510 के अधीन अपराध ; 1860 का अधिनियम सं0 45

(ख) पशु अतिचार अधिनियम, 1871 की धारा 24 तथा 26 के अधीन अपराध; अधिनियम सं0 1, 1871

(ग) यूनाइटेड प्राविंसेज डिस्ट्रिक्ट बोर्ड प्राइमरी एजूकेषन ऐक्ट, 1926 की धारा 10 की उपधारा (1) के अधीन अपराध ; 1926 का अधिनियम सं0 1

(घ) सार्वजनिक द्युत अधिनियम, 1867 की धारा 3, 4, 7 तथा 13 के अधीन अपराध ; अधिनियम सं0 3, 1867

(ड़) पूर्वोक्त अधिनियमितियों अथवा किसी अन्य अधिनियमित के अधीन ऐसा कोई अन्य अपराध, जो राज्य सरकार द्वारा सरकारी गजट में अधिसूचना प्रकाशित करके न्याय पंचायत द्वारा संज्ञेय घोषित किया जाये ; तथा

(च) इस अधिनियम अथवा उसके अधीन बनाये गये किसी नियम के अधीन कोई अपराध ।

(1–क) राज्य सरकार सरकारी गजट में आदेश प्रकाशित करके भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 279, 286, 356 के अधीन अपराधों का संज्ञान करने के लिये किसी न्याया पंचायत को सशक्त कर सकती है तथा इसी प्रकार उपधारा (1) के खंड (क) से (घ) तक में अभिदिष्ट किसी अपराध को सामान्यतया न्याय पंचायतों के अथवा ऐसे न्याय पंचायतों के जो विनिर्दिष्ट की जाये, संज्ञान से वापस ले सकती है ।}[2] 1860 का अधिनियम संख्या 45

(2) भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 143, 145, 151 तथा 153 के अधीन किसी अपराध से संबंधित ऐसा कोई आपराधिक वाद, जो किसी न्यायालय के समक्ष विचाराधीन हो, विचारण के लिये न्याय पंचायत को अन्तरित किया जा सकता है, यदि वह ऐसे न्यायालय की राय में गंभीर अपराध न हो । 1860 का अधिनियम सं0 45

53–– (1) जब कभी न्यायालय के सरपंच को यह आशंका करने का कारण हो कि संभाव्य है कि कोई व्यक्ति परिशांति भंग करेगा या लोक शान्ति विक्षुब्ध करेगा, जो वह उस व्यक्ति से इस बात का कारण बताने के लिये कह सकता है, कि वह पन्द्रह दिन से अनधिक अवधि के लिये परिशान्ति कायम रखने के लिये प्रतिभूओं सहित या प्रतिभूओं के बिना 100 रु0 से अनधिक की धनराशि का बन्ध पत्र निष्पादित करने के लिये क्यों न आदिष्ट किया जाय। परिशांति कायम रखने के लिये प्रतिभूति

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 42 (2) द्वारा निकाला गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 2, 1955 की धारा 43 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 21 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) सरपंच ऐसा नोटिस जारी करने के बाद उक्त {मामले की न्यायपीठ को अभिदिष्ट करेगा।}[2] न्यायपीठ ऐसे व्यक्ति अथवा ऐसे साक्षियों की, जिन्हें वह प्रस्तुत करने की अपेक्षा करे, सुनवाई करने के बाद या तो आदेश की पुष्टि कर सकता है या नोटिस को निराकृत कर सकता है।

{(3) यदि वह व्यक्ति, जिसे उपधारा (2) के अधीन यथापूर्वोक्त बन्ध पत्र निष्पादित करने की अपेक्षा की गयी हो, ऐसा करने में चूक करे तो वह ऐसे प्रत्येक दिन के लिये, जब तक आदेश में नियत अवधि के दौरान चूक होती रहे, पांच रूपये तक, जैसा कि न्यायपीठ नियत करे, शास्ति का भुगतान करने का भागी होगा।}[3]

शास्तियां

54—— (1) कोई न्याय पंचायत कारावास का मुख्य दण्डादेश नहीं देगी।

(2) न्याय पंचायत {दो सौ पचास रूपये}[6] से अनधिक अर्थदण्ड आरोपित कर सकती है, किन्तु दण्ड भुगतान में चूक किये जाने पर कारावास का दंड नहीं दिया जायगा,

{प्रतिबन्ध यह है कि किसी अभियुक्त का एक ही आपराधिक वाद में तीन से अधिक अपराधों के लिये विचारण न किया जायगा और आपराधिक वाद में किसी एक अभियुक्त पर जुर्माना आरोपित किया जाय तो वह कुल मिलाकर {दौ सौ पचास रूपये}[6] से अधिक न होगा।}[4]

अपराधिक वादों का संज्ञान

1860 का अधिनियम सं0 45

{55—— (1) किसी क्षेत्र के लिये न्याय पंचायत की स्थापना हो जाने के पश्चात् कोई न्यायालय इस अधिनियम में अन्यथा उपबन्धित अवस्था को छोडकर, ऐसी न्याय पंचायत द्वारा विचारणयोग्य किसी आपराधिक वाद का संज्ञान नहीं करेगा।

(2) यदि कोई न्याय पंचायत धारा 95 के अधीन निलम्बित, अतिक्रमित अथवा विघटित हो जाय अथवा किसी अन्य कारण से कार्य करना बन्ध कर दे तो उसके समक्ष विचार जिन समस्त अपराधिक वाद सक्षम अधिकारिता वाले न्यायलय को अन्तरित हो जायंगे, जो उन्हें विधि के अनुसार निस्तारित करेगा :

प्रतिबन्ध यह है कि न्यायालय में ऐसे समस्त आपराधिक वादों का नये सिरे से विचारण प्रारम्भ होगाः

अग्रतर प्रतिबन्ध यह है कि किसी न्याय पंचायत के बारे में केवल इस कारण से कि उसके पंचों का पुनः निर्वाचन होना है, यह न समझा जायेगा कि उसने कार्य करना बन्द कर दिया है।

(3) धारा 52 में तथा इस धारा की उपधारा (1) में किसी बात के होते हुये भी कोई भी न्यायालय भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 431 तथा 447 के अधीन किसी अपराध का संज्ञान कर सकता है, यदि वह ऐसा करने के लिये अन्यथा सक्षम न हो।

(4) धारा 52 में तथा इस धारा की उपधारा (1) से (3) में किसी बात के होते हुये भी, किन्तु दण्ड प्रकिया संहिता, 1898 के उपबन्ध के सदैव अधीन रहते हुये, यदि किसी न्यायलय के उक्त धाराओं में अभिदिष्ट किसी अपराध का सज्ञान किया है और ऐसे आपराधिक वाद में अभियुक्त के उपस्थित होने के लिये न्यायलय द्वारा जांच की जा सकती है और उस पर विचारण किया जा सकता है।}[5]

---

1. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 2, 1955 की धारा 43 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 44(1) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की उपधारा (2) की धारा 44 द्वारा बढाया गया।
4. उपर्युक्त की धारा 45 द्वारा बढाया गया।
5. उपर्युक्त की धारा 46 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 37, 1978 की धारा 22 द्वारा प्रतिस्थापित।

न्यायालयों द्वारा न्याय पंचायतों को आपराधिक–वादों का अन्तरण

{56–– यदि कोई न्यायालय यह पाये कि कोई आपराधिक वाद न्याय पंचायत द्वारा विचारण योग्य है, तो वह धारा 55 की उपधारा (4) में उपबन्धित अवस्था को छोड़कर, उसे सक्षम अधिकारिता वाली न्याय पंचायत को अनतरित करेगा और तदनन्तर न्याय पंचायत उसका नये सिरे से विचारण करेगी।}[1]

परिवादों का सरसरी तौर पर 5 खारिज किया जाना

57–– न्याय पंचायत किसी परिवाद को खारिज कर सकती है यदि परिवादी का परीक्षण करने और ऐसा साक्ष्य लेने के बाद जिसे वह प्रस्तुत करे, उसका यह समाधान हो जाय कि परिवाद तुच्छ, क्षेभकारी अथवा असत्य है।

न्याय पंचायत द्वारा आपराधिक वादों का न्यायलयों को अन्तरित किया जाना

{58–– यदि न्याय पंचायत को किसी भी समय यह प्रतीत हो कि––

(क) उसके समक्ष विचाराधीन किसी आपराधिक वाद के विचारण की उसकी अधिकारिता नहीं है,

(ख) अन्तर्ग्रस्त अपराध ऐसा है कि जिसके लिये वह पर्याप्त दण्ड नहीं दे सकती है, अथवा

(ग) आपराधिक वाद का न्यायालय द्वारा अन्यथा विचारण किया जाना चाहिये, तो वह उसे सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय को अन्तरित कर देगी और ऐसे अन्तरण की सूचना सम्बन्धित पक्षों को दे देगी।}[2]

कतिपय व्यक्तियों का विचारण न्याय पंचायतों द्वारा न किया जायगा

{59–– कोई भी न्याय पंचायत किसी ऐसे व्यक्ति के विरूद्व किसी आपराधिक वाद का संज्ञान न करेगी, यदि व्यक्ति––

(क) पहले ही किसी ऐसे अपराध में दोषसिद्ध ठहराया गया हो, जो तीन वर्ष या उससे अधिक अवधि के लिये दोनों में से किसी प्रकार के कारावास से दण्डनीय हो:

(ख) जिस पर किसी न्याय पंचायत द्वारा चोरी के लिये पहले ही जुर्माना किया गया हो:

(ग) जिसे दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1898 की {या दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की}[4] धारा 109 अथवा 110 के अधीन सदाचार बनाये रखने के लिये आबद्व किया गया हो,

(घ) जिसे सार्वजनिक द्युत अधिनियम, 1867 के अधीन पहले ही दोषसिद्ध ठहराया गया हो, अथवा

(ङ) लोक सेवक हो।}[3]

परिवादियों को प्रतिकर

60–– कोई जुर्माना आरोपित करते समय न्याय पंचायत यह आदेश दे सकती है कि वसूल किया गया सम्पूर्ण जुर्माना या उसका कोई भाग निम्नलिखित के लिये प्रयुक्त किया जाय––

(क) परिवादी द्वारा आपराधिक वाद में उचित रूप से किये गये व्यय को पूरा करने,

---

1. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 2, 1955 की धारा 47 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 48 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 49 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 37, 1978 की धारा 23 द्वारा प्रतिस्थापित।

{(ख) अपराध के कारण किसी सारवन हानि अथवा क्षति के लिए किसी व्यक्ति को प्रतिकर का भुगतान करने, या }[1]

{(ग) चोरी गई संपत्ति के किसी सद्भावमय केता को उसकी हानि के निमित प्रतिकर देने के लिए यदि सम्पत्ति उसके हकदार व्यक्ति के कब्जे में प्रत्यावितर्ित कर दी जाय।}[2]

अभियुक्त को प्रतिकर

{61–– (1) यदि न्याय पंचायत के समक्ष संस्थित किसी आपराधिक वाद में किसी व्यक्ति पर किसी ऐसे अपराध का अभियोग लगाया गया हो, जो न्याय पंचायत द्वारा विचारण योग्य हो, और न्याय पंचायत उस अभियुक्त को विमुक्त कर देती है और उसकी यह राय हो कि उस पर लगया गया अभियेग मिथ्या और तुच्छ अथवा क्षोभकारी या तो न्याय पंचायत परिवादी से तत्क्षण इस बात का कारण बताने के लिए कह सकती है कि वह ऐसे अभियुक्त को प्रतिकर का भुगतान क्यों न करे।

1938 का अधिनियम सं0 6

(2) यदि परिवादी की सुनवायी करने के बाद न्याय पंचायत का समाधान हो जाय कि अभियोग मिथ्या और तुच्छ अथवा क्षोभकारी था तो वह निदेश दे सकती है कि ऐसे परिवादी द्वारा अभियुक्त को पच्चीस रूपये से अनधिक प्रतिकर का भुगतान किया जाय।}[3]

अपराधियों का परिवीक्षा पर जोड़ा जाना

62–– न्याय पंचायत द्वारा संयुक्त प्रान्त प्रथम अपराधियों की परिवीक्षा अधिनियम, 1938 की धारा 4 की शक्तियों का प्रयोग किया जा सकता है।

मजिस्ट्टों द्वारा भेजे गये आपराधिक वादों में जांच 1898 का अधिनियम सं0 5

{63–– दण्ड प्रक्रिया संहिता, {1973}[5] में किसी बात के हेाते हुए भी, मजिस्ट्रेट किसी ऐसे आपराधिक वाद में, जिसमें अपराध ऐसी न्याय पंचायत की क्षेत्रीय अधिकारिता के भीतर किया गया था, उक्त संहिता की धारा 202 में अभिदिष्ट जांच न्याय पंचायत द्वारा किये जाने का निदेश दे सकता है और न्याय पंचायत आपराधिक वाद में जांच करेगी तथा उक्त मजिस्ट्ेट को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। निदेश के प्राप्त होने पर सरपंच या सहायक सरपंच और उनकी अनुपस्थिति में धारा 75 में उल्लिखित पंच, उसे धारा 49 के अधीन बनाये गये न्यायापीठ को सौंप देगा।}[4]

सिविल वादों में अधिकारिता का विस्तार

{64–– (1) न्याय पंचायत, धारा 66 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, निम्न प्रकार के किसी सिविल वाद का संज्ञान कर सकती है, यदि उसका मूल्य एक सौ रूपये से अधिक न हो–––

(क) स्थावर संपत्ति के सम्बध में संविदा से भन्न किसी संविदा पर देय धन के लिये सिविल वाद,

(ख) जंगम संपत्ति की वसूली के लिए अथवा उसके मूल्य क लिए सिविल वाद,

(ग) किसी जंगम संपत्ति को दोषपूर्ण रूप से लेने या उसे क्षति पहुंचाने के सम्बन्ध में प्रतिकर के लिए सिविल वाद, अथवा

(घ) पशुओं के अनधिकृत प्रवेश से हुई क्षति के लिए सिविल वाद।

---

1. उ0प्र0 अधिनियम संख्याा 2, 1955 की धारा 50 (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 50 (3) द्वारा बढ़ाया गया।
3. उपर्युक्त की धारा 51 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 52 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 37, 1978 की धारा 24 द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) राज्य सरकार सरकारी गजट में अधिसूचना प्रकाशित करके निवेश दे सकती है कि किसी पंचायत की अधिकारिता का विस्तार पांच सौ रूपये से अनधिक मूल्य के ऐसे समस्त सिविल वादों तक होगा।}[1]

65–– { * * * }[2]

न्याय पंचायत की अधिकारिता का अपवर्जन

{66–– धारा 64 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए न्याय पंचायत को निम्नलिखित सिविल वादों का संज्ञान करने के अधिकारिता न होगी,––

(1) भागीदार लेखे के सम्बन्ध में देय बकाया के लिये सिविल वाद, सिवाय उस दशा के जब कि बकाया पक्षों अथवा उनके अभिकर्ताओं द्वारा किया गया हो,

(2) निर्वसीयता की दशा में किसी अंष के लिये या अंश के किसी भाग के लिये अथवा वसीयत के अधीन वसीयत सम्पदा क लिए या वसीयत सम्पदा के भाग के लिये सिविल वाद,

(3) राज्य सरकार अथवा केन्द्रीय सरकार अथवा किसी लोक सेवक द्वारा या उसके विरूद्व ऐसे कार्यों के लिये सिविल वाद, जो उसने पदीय हैसियत से किये हों,

(4) अवयस्क अथवा विकृत चित के व्यक्ति द्वारा अथवा उसके विरूद्व सिविल वाद, और

(5) ऐसा सिविल वाद जिसका यू0पी0 विलेज पंचायत ऐक्ट, 1920 के अधीन स्थापित किसी पंचायत द्वारा संज्ञान किया जाना यूनाइटेड प्राविंसेज डेट रिडैम्पशन ऐक्ट, 1940 की धारा 25 के अधीन वर्जित हो।}[3]

सिविल वादों में सम्पूर्ण दावे सम्मिलित होंगे

67–– (1) न्याय पंचायत के समक्ष संस्थित प्रत्येक सिविल वाद में ऐसा सम्पूर्ण दावा सम्मिलित होगा जिसे वादी विवादग्रस्त मामले में करने का हकदार हो, किन्तु सिविल वाद को न्याय पंचायत की धिकारिता के भीतर लाने के लिये अपने दावे के किसी भाग का त्याग कर सकता है।

(2) यदि वादी {अपने दावे के किसी भाग}[4] के सम्बन्ध में वाद लाये या उक्त {भाग}[4] का त्याग करे, तो वह तत्पश्चात् ऐसे भाग के लिये जिसके सम्बन्ध में वाद न लाया गया हो या जिसका त्याग किया गया हो, वाद प्रस्तुत न करेगा।

परिसीमा

68–– प्रत्येक सिविलवाद जो अनुसूची में उसके लिये नियत परिसीमा की अवधि के पश्चात न्याय पंचायत के समक्ष संस्थित किया गया हो, खारिज कर दिया जायगा, भले ही प्रतिवाद के रूप में परिसीमा का प्रश्न न उठाया गया होः

{प्रतिबन्ध यह है कि किसी सिविलवाद के लिए नियत परिसीमा की अवधि की संगणना करने में वह समय निकाल दिया जायगा, जिसमें वादों किसी न्यायालय में प्रतिवादी के विरूद्व किसी दूसरे सिविल वाद का यथाचित तत्परता से अभियोजन कर रहा हो, यदि वह दूसरा वाद उसी वाद कारण पर आधारित हो और सद्भाव से एसे न्यायालय में अभियोजित किया गया हो जो अधिकारिता के दोष से अथवा इसी प्रकार के किसी अन्य कारण से उसे ग्रहण करने में असमर्थ हो।}[5]

---

1. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 2, 1955 की धारा 53 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 54 द्वारा निकाला गया।
3. उपर्युक्त की धारा 55 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 56 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 57 द्वारा बढ़ाया गया।

न्याय पंचायतों के निर्णय का प्रभाव

69–– {(1)}[3] आगम, विधिक स्वरूप, संविदा अाविा दायित्व के प्रश्न पर न्याय पंचायत का निर्णय पक्षों पर बन्धनकारी नही होगा सिवाय उसव सिविल वाद के सम्बन्ध में जिसमें तत्सम्बन्धी निर्णय किया गया हो।

{(2) न्याय पंचायत द्वारा आदेशित कोई दोष सिद्धि तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन किसी अनर्हता या शास्ति के रूप में न तो प्रवर्ती होगी और न उसका आधार ही होगी।}[3]

70–– {***}[2]

71–– {***}[2]

72–– {***}[2]

पूर्वन्याय तथा विचाराधीन वाद

73–– (1) कोई भी न्याय पंचायत किसी ऐसे विषय के सम्बन्ध में, जो उन्हीं पक्षों अथवा ऐसे पक्षों के बीच, जिनके अधीन वे अथवा उनमें से कोई पक्ष दावा करे, पूर्ववर्ती सिविल वाद में सक्षम अधिकारिता वाले किसी न्यायालय में निर्णयार्थ विचाराधीन हो अथवा जिसकी सुनवाई या निर्णय उसके द्वारा किया गया हो, किसी विविल वाद, राजस्व वाद अथवा वाद पद का विचारण न करेगा।

(2) यदि किसी अपराध के सम्बन्ध में किसी आभयुक्त व्यक्ति के विरूद्व किसी न्यायालय में कोई आपराधिक वाद विचाराधीन हो अथवा यदि अभियुक्त व्यक्ति का किसी अपराध के लिये विचारण किया गया हो तो कोई भी न्याय पंचायत ऐसे किसी अपराध का अथवा किसी ऐसे अन्य अपराध का उनहीं तथ्यों पर संज्ञान न करेगी, जिसके लिये अभियुक्त पर दोषारोपण किया गया होता या वह दोष सिद्ध ठहराया गया हौता।

समवर्ती अधिकारिता

74–– यदि कोई {आपराधिक वाद या सिविल वाद}[4] एक से अधिक न्याय पंचायतों में ग्रहणीय हो तो {परिवादी या वादी}[5] यथास्थिति परिवादी या वादी को ऐसी नयाय पंचायतों में से किसी एक में प्रस्तुत कर सकता है। अधिकारिता के सम्बन्ध में किसी विवाद का निर्णय यथा स्थिति अधिकारिता वाले {न्यायिक मजिस्ट्रेट या मुंसिफ}[6] द्वारा किया जायगा।

विचारण जब सिविल वाद {***}[7] में वादकरण एक से अधिक सर्किलों में उत्पन्न हो 1908 का अधिनियम सं0 5

{74–क–– सिविल प्रकिया संहिता 1908 की धारा 10 उन विचारण जब सिविल वाद या {***}[8] सिविल वादों के विचारण पर लागू होगी जो अधिकारिता वाली दो या दो से अधिक न्याय पंचायतों के समक्ष विचाराधीन हो।

---

1. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 2, 1955 की धारा 57 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उपर्युक्त की धारा 58 द्वारा निकाला गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 37, 1978 की 25 द्वारा पुनर्संख्यांकित तथा बढ़ाया गया।
4. उपर्युक्त की धारा 26 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 26 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 26 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 27 (क) द्वारा निकाला गया।
8. उपर्युक्त की धारा 27 (ख) द्वारा निकाला गया।

विचारण जबकि अपराध स्थल अनिश्चित हो या वह केवल एक ही सर्किल में न हो या जब कि अपराध जारी रहने वाला अपराध हो अथवा जिसमें कई कार्य सम्मिलित हों

74–ख–– जब यह अनिश्चित हो कि कई सर्किलों में से किस सर्किल में अपराध किया गया था अथवा जब अपराध अंशतः एक सर्किल में और अंशतः दूसरे सर्किल में किया गया हो अथवा जब अपराध जारी रहने वाला अपराध हो और एक से अधिक सर्किलों में किया जा रहा हो अथवा जब अपराध में कई ऐसे कार्य सम्मिलित हों, जो विभिन्न सर्किलों में किये गये हों तो उसकी जांच उस न्याय पंचायत द्वारा की जा सकती है जिसकी ऐसे सर्किलों में से किसी सर्किल में अधिकारिता हो।}[1]

सिविल वादों तथा आपराधिक वादों का संस्थित किया जाना

75–– कोई व्यक्ति, जो इस अधिनियत के अधीन {कोई सिविलवाद या आपराधिक वाद}[8] न्याय पंचायत के समक्ष संस्थित करना चाहे, न्याय पंचायत सरपंच को {और उसकी अनुपस्थिति में सहायक सरपंच को}[2] और सर्किल से {उसकी}[3] अनुपस्थिति की दशा में ऐसे अन्य पंच को जो {सरपंच द्वारा तदर्थ नियुक्त किया गया हो}[4] मौखिक या लिखित रूप से आवेदन–पत्र दे सकता है और साथ ही वह नियत फीस का भी भुगतान करेगा। न्यायालय फीस अधिनियम, 1870 न्याय पंचायतों के सम्बन्ध में लागू नहीं होगा सिवाय उस दशा के जब ऐसा नियत किया जाय। प्रत्येक सिविल वाद में वादी मूल्य बतायेगा।

1870 का अधिनियम सं0 7

{(2) यदि कोई {* * * }[9] मौखिक रूप से संस्थित किया जाय तो आवेदन–पत्र प्राप्त करने वाल सरपंच सहायक सरपंच अथवा पंच नियत ब्योरों को अबिलम्ब अभिलिखित करेगा और उस पर आवेदक का हस्ताक्षर अथवा अंगुष्ठ छाप ले लिया जायेगा।}[5]

आवेदन–पत्र न्यायपीठ के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा

{76–– तदुपरान्त सरपंच, सहायक सरपंच अथवा उनकी अनुपस्थिति में धारा 75 में उल्लिखित पंच आवेदन–पत्र को धारा 49 के अधीन बनाए गए न्यायपीठ के समक्ष निस्तारण के लिए रखेगा और उक्त न्यायपीठ के समक्ष उस आवेदन–पत्र की प्रथम सुनवाई का दिनांक भी निश्चित करेगा तथा उस दिनांक की सूचना यथास्थिति आवेदक, परिवादी अथवा वाद की ओर न्यायपीठ के सदस्यों को देगा।}[6]

न्यायपीठ का सभापति

{77–– न्यायपीठ अपने सदस्यों में से एक व्यक्ति को उस न्यायपीठ का सभापति चुनेगा, जो कि कार्यवाहियों का संचालन करेगाः

प्रतिबन्ध यह है कि यदि सरपंच अथवा सहायक सरपंच न्यायपीठ का सदस्य हो तो वह और यदि उनमें से दोनों ही उसी न्यायपीठ के सदस्य हों तो सरपंच, सभापति होगा।}[7]

न्यायपीठ से पंच की अनुपस्थिति

{77–क (1) यदि धारा 49 के अधीन के अधीन संघटित न्यायपीठ में नियुक्त कोई पंच किसी सुनवाई के समय अनपस्थित हो, तो शेष पंच इस अधिनियम में किसी बात के होते हुए भी {आपराधिक वाद या सिविल वाद}[10] का विचारण करेंगेः

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 60 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 61(1) (क) द्वारा बढाया गया।
3. उपर्युक्त की धारा 61(1) (ख) द्वारा बढाया गया।
4. उपर्युक्त की धारा 61(1) (ग) द्वारा बढाया गया।
5. उपर्युक्त की धारा 61(2) द्वारा बढाया गया।
6. उपर्युक्त की धारा 62 द्वारा बढाया गया।
7. उपर्युक्त की धारा 63 द्वारा बढाया गया।
8. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37 1978 की धारा 28 (क) द्वारा बढाया गया।
9. उपर्युक्त की धारा 28 (ख) द्वारा मिटाया गया।
10. उपर्युक्त की धारा 29 द्वारा बढ़ाया गया।

प्रतिबन्ध यह है कि कम से कम तीन पंच, जिनमें सभापति भी सम्मिलित होगा, उपस्थिति हो और अग्रेतर यह भी प्रतिबन्ध है कि उपस्थिति पंचों में से कम से कम एक पंच साक्ष्य तथा कार्यवाहियों को अभिलिखित करने में सामर्थ्य हो।

(2) यथापूर्वोक्त कोई भी विचारण केवल इस कारण से अमान्य न होगा कि समस्त पांचों सदस्य, जिनसे न्यायपीठ बना है, किसी सुनवाई के समय उपस्थित न थे अथवा यह कि ये ही पंच समस्त सुनवाइयों के समय उपस्थित न थे।

(3) उपधारा (1) तथा (2) के उपबन्ध धारा 63 के अधीन न्याय पंचायत द्वारा की गई जांच पर आवश्यक परिवर्तनों सहित होंगे।}[1]

सम्बन्धित पक्षों की अनुपस्थिति में सिविल वाद और आपराधिक वादों का खारिज किया जाना

{78–– (1) यदि सुनवाई के लिए निश्चित समय और स्थान सूचित किये जाने के बाद भी, यथास्थिति वादी या परिवादी उपस्थित न हो तो न्याय पंचायत वाद को खारिज कर सकती है या ऐसा आदेश दे सकती है जैसा वह उचित समझे।}[3]

(2) न्याय पंचायत {यथास्थिति प्रतिवादी या अभियुक्त की अनुपस्थित में सिविल वाद या आपराधिक वादी}[4] की सुनवाई कर सकती है और उसके सम्बन्ध में निर्णय दे सकती है, यदि उस पर समन तामील हो चुका हो अथवा उसे सुनवाई के लिए निश्चित समय और स्थान की सूचना दी जा चुकी हो।

न्याय पंचायत अपने निर्णय को पुनरीक्षण अथवा परिवर्तित नहीं करेगी

79–– (1) उपधारा (2) में उपबन्धित अवस्था को छोड़कर अथवा लिपिक अशुद्वि को ठीक करने के अलावा न्याय पंचायत अपने द्वारा दी गई किसी डिक्री या दिये गये किसी आदेश का विलोपन करने, उसे पुनरीक्षित करने अथवा परिवर्तित करेन के लिए सशक्त न होगी।

(2) न्याय पंचायत समन की व्यक्गित रूप से तामील न किए जाने की दशा में डिक्री अथवा आदेश के दिनांक से अथवा उनकी जानकारी प्राप्त होने के दिनांक से एक मास के भीतर आवेदन–पत्र दिये जाने पर किसी {सिविल वाद या आपराधिक वाद}[5] को, जो सम्बन्धित पक्ष के चूक के कारण खारिज कर दिया गया हो या जिसमें एक पक्षीय डिक्री दी गई हो या आदेश दिया गया हो, अभिलिखित किए जाने वाले पर्याप्त कारणों से पुनः स्थापित कर सकती है।

विधि व्यवसायों न्याय पंचायत के समक्ष उपस्थित होंगे

{80–– कोई भी विधि व्यवसायी न्याय पंचायत के समक्ष किसी पक्ष की ओर से न तो उपस्थित होगा, न वकालत करेगा और न कोई कार्य ही करेगा :

प्रतिबन्ध यह है कि किसी ऐसे व्यक्ति की, जो बन्दी बनाया गया हो और अभिरक्षा में निरूद्व हो, अपनी पसन्द के किसी विधि व्यवसायी से परामर्श लेने और उसके द्वारा अपना प्रतिवाद कराने का अधिकार होगा।}[2]

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 23, 1952 की धारा 3 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 02, 1955 की धारा 65 द्वारा बढ़ाया गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 30 (क) द्वारा बढ़ाया गया।
4. उपर्युक्त की धारा 30 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 31 द्वारा प्रतिस्थपित।

प्रतिनिधियों द्वारा स्वयं उपस्थित होना

81–– धारा 80 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए {सिविल वाद या आपराधिक वाद}[6] में कोई पक्ष, न्याय पंचायत के समक्ष स्वयं अथवा उसके द्वारा {लिखित रूप में सम्यक रूप से प्राधिकृत}[1] ऐसे सेवक पंचायत (जो दलाल न हो,) भागीदार, सम्बन्धी अथवा मित्र द्वारा उपस्थित हो सकता है जिसे न्याय पंचायत उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए ठीक व्यक्ति के रूप में स्वीकार करे :

{प्रतिबन्ध यह है कि धारा के अधीन निवेशित किसी मुखतारनामें के लिए कोई स्टाम्प षुल्क भुगतान करने की आवश्यकता न होगी।}[2]

कतिपय मामलों में विशेष अधिकारिता

{82–– इस अधिनियम में अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी न्याय पंचायत के लिए यह वैध होगा कि वह किसी ऐसे विवाद का जो उसके स्थानीय क्षेत्र में उत्पन हो और किसी न्यायालय में विचाराधीन न हो, किसी ऐसे निपटारे, समझौते या षपथ क अनुसार निर्णय करे जिस पर पक्षों ने लिखित रूप में सहमति दी हो।}[3]

सत्यता सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया और शक्ति

83–– {(1)}[4] न्याय पंचायत किसी {सिविल वाद या आपराधिक वाद}[6] में ऐसा साक्ष्य प्राप्त करेगी जिसे पक्ष प्रस्तुत करे और वह ऐसा और साक्ष्य मांग सकती है जो विचारणीय विषय के अवधारण के लिए उसकी राय में आवश्यक हो। न्याय पंचायत का यह कर्तव्य होगा कि वह ऐसे प्रत्येक विधि समस्त साधनों से, जो उसकी शक्ति में हो, अपने समक्ष प्रस्तुत प्रत्येक {सिविल वाद या आपराधिक वाद}[6] के तथ्यों को सुनिश्चित करे और तत्पश्चात व्यय सहित या व्यय के बिना ऐसी डिक्री या ऐसी आज्ञा दे जो उसे न्यायोचित और वैध प्रतीत हो। वह उस {क्षेत्र}[7] में, जिससे विवाद सम्बन्धित है, स्थानीय रूप से जांच कर सकती है। यह इस अधिनियम द्वारा या इसके अधीन नियत प्रक्रिया का अनुसरण करेगी। न्याय–पंचायत में किसी {सिविल वाद या आपरधिक वाद}[6] के सम्बन्ध में सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 दण्ड प्रक्रिया संहिता {1973}[8], भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 तथा परिसीमा अधिनियम, {1963}[9] लागू नहीं होंगे सिवाय उस दिशा के जबकि इस अधिनियम में ऐसा उपबन्धित हो अथवा ऐसा नियत किया जाय। 1908 का अधनियम सं05

{(2) इस उपधारा में कोई बात किसी पक्ष को इस बात का हकदार नहीं बनाएगी कि वह किसी ऐसे अपराध का शमन करे जो दण्ड प्रक्रिया संहिता, {1973}[10] के उपबन्धों के अधीन शमन किए जाने योग्य न हो अथवा सम्बन्धित न्यायपीठ की अनुमति के बिना किसी अपराध का शमन करे यदि वह उक्त संहिता के उपबन्धों के अधीन अनुमति से शमन किए जाने योग्य हो।}[5]

{(3) जहां न्याय पंचायत की राय में, कोई पक्ष मामले निस्तारण में जानबूझ कर विलम्ब करता है, वहां वह ऐसे पक्ष पर पांच रूपए से अनधिक का खर्च आरोपित कर सकती है जो दूसरे पक्ष को देय होगा।}[11]

बहुमत अभिभवी होगा

84–– पंचों में मतभेद होने की दशा में बहुमत की राय अविभावी होगी।

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0. 2, 1955 को धारा 66 (1) द्वारा बढ़ाया गया।
2. उपर्युक्त की धारा 66 (2) द्वारा बढाया गया।
3. उपर्युक्त की धारा 67 द्वारा बढ़ाया गया।
4. उपर्युक्त की धारा 68 (1) द्वारा पुनर्संख्यांकित।
5. उपर्युक्त की धारा 68 (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 को धारा 32 एवं धारा 33 (क) (1) द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 33 (क) (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
8. उपर्युक्त की धारा 33 (क) (3) द्वारा प्रतिस्थापित।
9. उपर्युक्त की धारा 33 (क) (4) द्वारा प्रतिस्थापित।
10. उपर्युक्त की धारा 33 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
11. उपर्युक्त की धारा 33 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।

बहुमत अभिभवी होगा न्याय पंचायत से वादों को अन्तरित करने की प्रवर न्यायालयों की शक्ति

{85–– (1) दोनों पक्षों में से किस पक्ष द्वारा आवेदन–पत्र दिए जाने और पक्षों को नोटिस दिए जाने के पश्चात तथा उनमें से ऐसे पक्षों की सुनवाई करने के पश्चात् जो सुनवाई कराना चाहें अथवा बिना नोटिस के स्वप्रेरण से {न्यायिक मजिस्ट्रेट या मुंसिफ}[2] इस बात के अनुसार कि न्यय पंचायत के समक्ष विचाराधीनवाद {आपराधिकवाद या सिविलवाद}[3] है, उसे किसी भी प्रक्रम पर वापस ले सकता है, तथा–

(1) उसे निस्तारित करने का प्रयत्न कर सकता है, या

(2) उसे न्याय पंचायत के किसी अन्य न्यायपीठ को अन्तरित कर सकता है,

(3) उसे विचारण के लिए अथवा निस्तारण के लिए किसी ऐसे अन्य {मजिस्ट्रेट या मुंसिफ}[4] को जो उसका विचारण या निस्तारण करने के लिए सखम हो, अन्तरित कर सकता है।

{(2) जहां कोई आपराधिक या सिविल वाद उपधारा (1) के अधीन वास ले लिया गया हो, वहां वह न्यायालय, जो तत्पश्चात उसका विचारण करें, या तो उसका पुनर्विचारण कर सकतहा है या उस प्रक्रम से विचारण प्रारम्भ कर सकता है, जहां से उसे वापस ले लिया गया था।}[5]

(3) यदि उपधारा (1) के अधीन दिया गया कोई आवेदन–पत्र तुच्छ अथवा क्षोभकारी हो तो आवेदक पर यथास्थिति {न्यायिक मजिस्ट्रेट या मुंसिफ}[6] द्वारा पचास रूपये तक का जुर्माना किया जा सकता।}[1]

साक्षियों को समन का जारी किया जाना

86–– यदि न्याय पंचायत किसी {सिविल वाद या आपराधिक वाद}[7] में किसी व्यक्ति का साक्ष्य अथवा उसके द्वारा लेख्य प्रस्तुत किया जाना आवश्यक समझे तो वह उस व्यक्ति को उपस्थिति होने या ऐसा लेख्य प्रस्तुत करने या उसे प्रस्तुत कराने के लिए बाध्य करने के निर्भित्त एक समन जारी कर सकती है तथा उस व्यक्ति पर नियत रीति से उसकी तामील करा सकती है और वह व्यक्ति समन में दिए गए निदेशों का पालन करने के लिए बाध्य होगा।

न्याय पंचायत के समक्ष उपस्थित होने में चूक करने के लिए शास्ति

87–– यदि कोई व्यक्ति, जिसे न्याय पंचायत साक्ष्य देने या अपने समक्ष कोई लेख्य प्रस्तुत करने के निभित्त उपस्थिति होने के लिए लिखित आदेश द्वारा समन करे, जानबूझ कर ऐसे समन अथवा नोटिस अथवा आदेश की अवज्ञा करे तो न्याय पंचायत अधिकरिता वाले मजिस्ट्रेट को परिवाद कर सकती है और उक्त व्यक्ति ऐसे जुर्माने से दण्डनीय होगा जो पचीस रूपए तक हो सकता है :

प्रतिबन्ध यह है कि किसी महिला को न्याय पंचायत के समक्ष स्वयं उपस्थिति होने के लिए बाध्य नहीं किया जायगा। उसकी परीक्षा नियत रीति से कमीशन द्वारा की जा सकती है:

प्रतिबन्ध यह भी है कि यदि धारा के अधीन जारी किए गए समन का पालन करके कोई लेख्य प्रस्तुत किया जाय तो न्याय पंचायत उस लेख्य की प्रतिलिपि तैयार कराएगी, मूल प्रति से मिलान करने के बाद प्रतिलिपि पर यह चिन्हित करेगी कि वह सही प्रतिलिपि है ओर मूल लेख्य को उसके प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति को लौटा देगी:

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0. 2, 1955 की धारा 69 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 34 (क) (1) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 34 (क) (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 34 (क) (3) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 34 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 34 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 35 द्वारा प्रतिस्थापित।

{अग्रतर प्रतिबन्ध यह है कि यदि न्याय पंचायत को यह प्रतीत हो कि कोई साक्षी रूग्णता या शारीरिक अशक्तता के कारण उसके सम्मख उपस्थिति होने में असमर्थ है अथवा यह कि उसे बिना अनुचित विलम्ब, व्यय अथवा असुविधा के उपस्थित नहीं कराया जा सकता है, तो वह, ऐसे निर्बन्धनों के अधीन रहते हुए, जो नियत किए जायं, ऐसे साक्षी का साक्ष्य लेने के लिए नियत रीति से कमीशन जारी कर सकती है। इस प्रकार लिया गया साक्ष्य वाद के अभिलेख का भाग होगा।}[1]

सिविल वादों इत्यादि का खारिज किया जाना

88–– न्याय पंचायत किसी सिविल वाद {***}[3] को खारिज कर सकती है यदि वादी अथवा आवेदक का बयान लेने के बाद उसका यह समाधान हो जाय कि सिविल {***}[3] तुच्छ, क्षोभकारी अथवा असत्य है।

पुनरीक्षण

89–– (1) {सिविल या आपराधिक वाद}[5] के अनुसार {न्यायिक मजिस्ट्रेट या मुंसिफ}[4] या तो स्वप्रेरणा से अथवा किसी पक्ष द्वारा आवेदन–पत्र दिए जाने पर जो उस आदेश के दिनांक से, जिसके विरूद्व परिवाद किया गया हो, अथवा यदि आवेदक पर समन व्यक्तिगत रूप से तामील न किया गया हो तो आदेश की जानकारी होने के दिनांक से 60 दिनों के भीतर दिया गया हो, किसी ऐसे वाद के अभिलेख को मांग सकता है, जो न्याय पंचायत द्वारा निर्णीत हुआ हो और यदि उसे यह प्रतीत हो कि अन्याय हुआ है अथवा कोई सारवान अनियतितता हुई है, तो वह वाद में ऐसा आदेश दे सकता है, जिसे वह ठीक समझे।

स्पष्टीकरण– विधि द्वारा निहित अधिकारिता का प्रयोग करने में चूक करना अथवा विधि द्वारा निहित अधिकारिता से अधिक अधिकारिता का प्रयोग करना इस धारा के प्रयोजनों के लिए सारवान अनियमितता समझी जायगी।

(2) पूर्वोक्त उपबन्धों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना यथास्थिति {न्यायिक मजिस्ट्रेट मुंसिफ}[4] :––

(क) न्याय पंचायत द्वारा दी गई डिक्री का या दिए गए आदेश को अभिखंडित कर सकता है;

(ख) आदेश का परिश्कार कर सकता है;

(ग) ऐसे निदेश के साथ, जिसे वह ठीक समझे, वाद को पुनःविचारण के लिए न्याय पंचायत को प्रतिप्रेशित कर सकता है; अथवा

(घ) वाद का स्वयं विचारण कर सकता है अथवा उसे किसी ऐसे अन्य न्यायालय अथवा अधिकारी को अन्तरित कर सकता है जो उसका परीक्षण करने के लिए सक्षम हो।

(3) यदि उपधारा (1) के अधीन कोई आवेदन–पत्र यथास्थिति {न्यायिक मजिस्ट्रेट या मुंसिफ}[4] द्वारा तुच्छ या क्षोभकारी पाया जाय तो, वह, अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से, आवेदक द्वारा प्रतिपक्ष को प्रतिकर के रूप में पचास रूपये से अनधिक विशेष व्यय का भुगतान किए जाने का आदेश दे सकता है।

(4) यथापूर्वोक्त के सिवाय किसी {सिविल या आपराधिक वाद}[6] में न्याय पंचायत द्वारा दी गई डिक्री अथवा दिए गए आदेश के विरूद्व किसी न्यायालय में न तो अपील की जा सकेगी और न उसका पुनरीक्षण किया जा सकेगा।}[2]

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 70 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उपर्युक्त की धारा 71 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 36 द्वारा निकाला गया।
4. उपर्युक्त की धारा 37 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 37 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 37(ग) द्वारा प्रतिस्थापित।

{(5) धारा 95 में किसी बात के होते हुए भी, जहां कोई न्यायिक मजिस्ट्रेट या मुंसिफ इस धारा के अधीन दिए गए किसी आदेश में यह निष्कर्ष देता है कि न्याय पंचायत के किसी पंच या पंचों ने जिसके अन्तर्गत कोई सरपंच भी है उक्त मामले के सम्बन्ध में, जिसके कारण पुनरीक्षण करना पड़ा हो, ऐसी रीति से व्यवहार किया है जो उसके या उनके पद के लिए अनुचित है, वहां नियत प्राधिकारी ऐसे निष्कर्ष के अधार पर ऐसे पंच या पंचों को हटा सकता है, और यह आवश्यक न होगा कि प्रस्तावित कार्यवाही के विरूद्ध उसे या उन्हें कारण बताने का कोई अवसर दिया जाय।}[5]

प्रतिवादी अथवा अभियुक्त व्यक्तियों को समन

90–– न्याय पंचायत धारा 75 के अधीन आवेदन–पत्र दिए जाने के पश्चात् जब तक कि वह इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन खारिज न कर दिया गया हो या अन्यथा उसका निस्तारण न कर दिया गया हो, प्रतिवादी अथवा अभियुक्त व्यक्ति {***}[6] पर नियत प्रपत्र में और नियत रीति से समन तामील करवाएगी जिसमें वह उसे ऐसे समय और ऐसे स्थान पर जो समन में अताया गया हो, उपस्थित होने और अपना साक्ष्य प्रस्तुत करने की अपेक्षा करेबी और साथ ही वादी अथवा परिवादी {***}[6] को उक्त समय और स्थान पर उपस्थित होने और अपना साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए निदेश देगी।

91 –– {***}[1]

डिक्री का भुगतान अथवा समायोजन अभिलिखित किया जायगा

92–– यदि डिक्रीधारी अथवा वाद ऋणी द्वारा आवेदन–पत्र दिए जाने पर, वह न्याय पंचायत जिसने डिक्री दी हो, जांच के पश्चात् यह पाए कि डिक्री की पूर्ण रूप से अथवा आंषिक रूप से तुष्टि हो चुकी है तो वह इस तथ्य को नियत– रजिस्टर में अभिलिखित करेगी।

डिक्रियों का निष्पादन

{93–– (1) न्याय पंचायत द्वारा दी गई डिक्री अथवा दिए गए आदेश का उसके द्वारा ऐसी रीति से निष्पादन किया जायगा जो नियत की जाय। यदि प्रतिवादी {***}[7] की सम्पत्ति डिक्री अथवा आदेश को निष्पादन के लिए उस न्याय पंचायत को नियत रीति से अन्तरित कर सकती है जिसकी अधिकारिता में उक्त सम्पत्ति स्थित हो और यदि वहां नयाय पंचायत न हो तो यथास्थति {उस मुंसिफ}[8] के न्यायालय को अन्तरित कर सकती है जिसकी अधिकारिता में वह स्थिति हो।

(2) यदि न्याय पंचायत किसी डिक्री या आदेश के निष्पादन में कोई कठिनाई पाए, तो वह उसे यथास्थिति {मुंसिफ}[9] को भेज देगी और वह उसका निष्पादन इस प्रकार करेगा मानो वह उसके द्वारा दी गई डिक्री या दिया गया आदेश हो।}[2]

निरीक्षण

94–– {न्याय पंचायत द्वारा आरोपित कोई जुर्माना या ऐसा प्रतिकर, जिसके भुगतान के लिए धारा 61 में उसके द्वारा आदेश दिया गया हो,}[3] {नियत}[4] रीति से वसूल किया जा सकेगा। किन्तु यदि न्याय पंचायत को उसे वसूल करने में कोई कठिनाई हो, तो वह उस {न्यायिक मजिस्ट्रेट}[10] से, जिसकी अधिकारिता में न्याय पंचायत स्थित हो, उसे वसूल करने का अनुरोध कर सकती है ओर वह उसे इस प्रकार वसूल करेगा मानो जुर्माने का दण्डादेश उसी के द्वारा दिया गया हो।

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 02, 1955 की धारा 72 द्वारा निकाला गया।
2. उपर्युक्त की धारा 73 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 74 (1) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 74 (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 37(घ) द्वारा अन्तर्विष्ट।
6. उपर्युक्त की धारा 38 द्वारा निकाला गया।
7. उपर्युक्त की धारा 39(क)(1) द्वारा निकाला गया।
8. उपर्युक्त की धारा 39(क)(2) द्वारा प्रतिस्थापित।
9. उपर्युक्त की धारा 39(ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
10. उपर्युक्त की धारा 40 द्वारा प्रतिस्थापित।

न्याय पंचायत का अवमान

{94–क–– (1) यदि कोई व्यक्ति किसी न्याय पंचायत या उसके किसी सदस्य, का, जबकि न्यायिक कार्यवाहियों के किसी भी प्रक्रम में न्याय पंचायत की बैठक हो रही हो, उसकी दृष्टि में अथवा उपस्थिति में साभिप्राय अपमान करे अथवा सम्यक रूप से दिलाई जाने वाली शपथ लेने से अविा उपने द्वारा किए गए कथन पर हस्ताक्षर करने से, जब कि ऐसा करना विधिक रूप से अपेक्षित हो, इन्कार करे, तो न्याय पंचायत उसी दिन, अपनी बैठक समाप्त करने से पूर्व किस भी समय इस अपराध का संज्ञान कर सकती है तथा अपराधों पर {दस रूपए}[5] से अनधिक के जुर्माने का दण्डादेश दे सकती है।

(2) उपधारा (1) के अधीन आरोपित जुर्माना धारा 94 के प्रयोजनों के लिए आपराधिक वाद में आरोपित जुर्माना समझाा जायगा। }[1]

अध्याय 7
वाह्य नियंत्रण

निरीक्षण

95–– {(1)}[2] राज्य सरकार––––

(क) ऐसी स्थावर संपत्ति का, {जो किसी ग्राम पंचायत के स्वामित्व में हो, और जो उसके}[7] या संयुक्त समिति अथवा {न्याय पंचायत}[3] द्वारा प्रयुक्त अथवा अध्यासित हो, अथवा ऐसी {ग्राम पंचायत}[6] या संयुक्त समिति या न्याय पंचायत के निदेश के अधीन किये जा रहे किसी निर्माण कार्य का निरीक्षण करा सकती है,

(ख) {ग्राम पंचायत}[6] या संयुक्त समिति अथवा {न्याय पंचायत}[3] के कब्जे में या नियंत्रणाधीन किसी वही अथवा लेख्य को लिखित आदेश द्वारा मांग सकती है और उसका निरीक्षण कर सकती है,

(ग) {ग्राम पंचायत}[6] या संयुक्त समिति अथवा {न्याय पंचायत}[3] से लिखित आदेश द्वारा {ग्राम पंचायत}[6] या ऐसी समिति अथवा {न्याय पंचायत}[3] की कार्यवाहीयों या कर्तव्यों के संबंध में ऐसे विवरण–पत्र, रिपोर्ट अथवा लेख्यों की प्रतिलिपियां प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकती है जिन्हें वह ठीक समझे,

(घ) {ग्राम पंचायत}[6] अथवा संयुक्त समिति के विचारार्थ काई ऐसा संप्रेक्षण अभिलेखबद्ध कर सकती है जिसे वह ऐसी {ग्राम पंचायत}[6] संयुक्त समिति की कार्यवाहियों अथवा कर्तव्यों के संबंध में उचित समझें,

(ड.) गांव सभा, {ग्राम पंचायत}[6], या न्याय पंचायत से संबंधित किसी भी विषय के संबंध में कोई जांच संस्थित करा सकती है, और

{(च) किसी {***}[9] संयुक्त समिति {भूमि प्रबन्धक समिति}[3] अथवा न्याय पंचायत को {***}[8] विघटित कर सकती है यदि राज्य सरकार की राय में ऐसी {***}[9] {ग्राम पंचायत}[6], संयुक्त समिति {भूमि प्रबन्धक समिति}[3] अथवा न्याय पंचायत ने अपने पद का दुरूपयोग किया हो, या उसने इस अधिनियम द्वारा अथवा इसके अधीन अपने पर आरोपित कर्तव्यों का पालन करने में निरन्तर चूक की हो अथवा इसकी बना रहना जनहित में वांछनीय न समझा जाय;}[4]

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 75 द्वारा बढाया गया।
2. उपर्युक्त की धारा 76 के उपखण्ड (1) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 76 (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 76 (3) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 41 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 49 (क) (एक) द्वारा प्रतिस्थापित।
8. उपर्युक्त की धारा 49 (क) (दो) (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
9. उपर्युक्त की धारा 49 (क) (दो) (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।

स्पष्टीकरण–– {***}[6]

{(छ) {ग्राम पंचायत के प्रधान, उपप्रधान या उसके किसी सदस्य को}[7] या संयुक्त समिति या भूमि प्रबन्धक समिति के किसी सदस्य को {***}[8] अथवा न्याय पंचायत के किसी पंच, सहायक सरपंच या सरंपच को हटा सकती है, यदि–}[5]

(1) वह बिना पर्याप्त कारण के लगातार तीन से अधिक सभाओं अथवा बैठकों में अनुपस्थिति रहे;

(2) वह कार्य करने से इंकार करे अथवा किसी भी कारण से कार्य करने के लिये अक्षम हो जाय अथवा यदि उस पर ऐसे अपराध का अभियोग लगाया गया हो अथवा दोषारोपण किया गया हो जिसमें नैतिक अधमता अन्तर्वलित हो;

(3) उसने इस रूप में अपने पद का दुरूपयोग किया हो अथवा उसने इस अधिनियम द्वारा अथवा इसके अधीन बनाये गये नियमों द्वारा आरोपित कर्तव्यों के पालन में निरन्तर चूक की हो अथवा उसका इस रूप में बना रहना जनहित में वांछनीय न हो; {***}[2]

{(3–क) उसने किसी ऐसे मिथ्या घोषणा–पत्र, जिसे उसके द्वारा यह अभिव्यक्त करते हुए कि वह यथास्थिति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या पिछडे वर्गों का सदस्य है, हस्ताक्षरित किया गया हो, के अधार पर यथास्थिति, धारा 11–क की उपधारा (2) या धारा 12 की उपधारा (5) के अधीन आरक्षण का लाभ प्राप्त किया हो;}[11]

{(4) वह न्याय पंचायत का सहायक का सहायक सरपंच या सरपंच होने से राजनीति में सक्रिय भाग लेता हो;}[1] {या}[3]

{(5) उसमें धारा 5–क के खण्ड (क) से (ङ) तक में उल्लिखित अनर्हताओं में से कोई अनर्हता हो : }[4]

{प्रतिबन्ध यह है कि जहां कोई प्रधान या उप प्रधान ऐसे व्यक्ति द्वारा और ऐसी रीति से, जैसी नियत की जाय, की गयी किसी जांच में प्रथम दृष्टया वित्तीय और अन्य अनियमितताओं का दोषी पाया जाय, वहां ऐसा प्रधान या उप प्रधान वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियों का प्रयोग और कृत्यों का सम्पादन नहीं करेगा और जब तक कि वह अन्तिम जांच में आरोपों से मुक्त न हो जाय ऐसी शक्तियों का प्रयोग और कृत्यों का सम्पादन राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त नियुक्त ग्राम पंचायत के तीन सदस्यों की एक समिति द्वारा किया जायेगा।}[9]

(छछ) {***}[10]

{प्रतिबन्ध यह है कि–

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 76 की उपधारा (4) द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 19, 1957 की धारा 5(1) द्वारा निकाला गया।
3. उपर्युक्त की धारा 5 (1) (2) द्वारा बढ़ाया गया।
4. उपर्युक्त की धारा 5 (1) (3) द्वारा बढ़ाया गया।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 3, 1973 की धारा 13 (1) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9, 1994 की धारा 49 (क) (दो) द्वारा निरसित।
7. उपर्युक्त की धारा 49(क) (तीन) (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
8. उपर्युक्त की धारा 49 (क) (तीन) (ख) द्वारा निरसित।
9. उपर्युक्त की धारा 49 (क) (तीन) (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।
10. उपर्युक्त की धारा 49 (क) (चार) द्वारा निरसित।
11. उ0प्र0 अधिनियम सं0 21, 1998 की धारा 3 द्वारा बढ़ाया गया।

(1) खण्ड (च), {या खण्ड (छ)}[7] के अधीन कोई कार्यवाही सम्बद्ध निकाय अथवा व्यक्ति को, प्रस्तावित कार्यवाही के विरूद्व कारण दर्शित करने का उचित अवसर देने के पश्चात् ही की जायेगी, अन्यथा नहीं,

(2) {***}[8] }[4]

(ज) {***}[6]

{(2) इस धारा की उपधारा (1) के खण्ड (छ) के उपखंड (3) और (4) के अधीन हटाया गया कोई व्यक्ति इस अधिनियम के अधीन किसी भी पद पर पांच वर्ष की अवधि या इससे कम ऐसी अवधि के लिये जैसा कि राज्य सरकार किसी मालले में आदेश दे, पुनः निर्वाचित या पुनः नियुक्त किये जाने का हकदार न होगा।

(3) इस धारा के अधीन राज्य सरकार द्वारा दिये गये आदेश पर किसी भी न्यायालय में आपत्ति नहीं की जायेगी।

(4) यदि कोई {***}[9] {{ग्राम पंचायत}[5], संयुक्त समिति अथवा भूमि प्रबन्धक समिति}[3] {विघटित}[10] की जाय, तो उसकी शक्तियों का प्रयोग करने और कर्तव्यों का पालन करने के लिये राज्य सरकार ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों को नियुक्त कर सकती है, जिन्हें वह उचित समझे।}[2]

{95–क–– (1) यदि किसी भी समय राज्य सरकार को यह प्रतीत हो कि {ग्राम सभा}[5] या ग्राम पंचायत ने इस अधिनियम अथवा किसी अन्य अधिनियम द्वारा उस पर आरोपित किसी कर्तव्य का पालन करने में चूक की हो तो राज्य सरकार उस कर्तव्य का पालन करने के लिये कोई अवधि लिखित आदेश द्वारा निश्चित कर सकती है ।

(2) यदि इस प्रकार निश्चित की गई अवधि के भीतर कर्तव्य का पालन न किया जाये तो राज्य सरकार ऐसे प्राधिकारी को जो विनिर्दिष्ट किया जाये उसे पालन करने का आदेश दे सकती है और अग्रेतर यह भी निदेश दे सकती है कि कर्तव्य पालन के व्यय, यदि कोई हो तो {ग्राम सभा}[5] निधि से किया जायेगा और तदुपरान्त वह व्यक्ति जिसकी अभिरक्षा में वह निधि हो, उक्त धनराशि का भुगतान ऐसी निधि से करेगा ।}[1]

कतिपय कार्यवाहियां का प्रतिशेध

96–– (1) नियत प्राधिकारी अथवा राज्य सरकार द्वारा तदर्थ विशेष रूप से सशक्त कोई अन्य अधिकारी सूचना प्राप्त होने पर अथवा स्वप्रेरणा से लिखित आदेश द्वारा इस जो विनिर्दिष्ट किया जाये, उसे पालन करने का इस अधिनियम अथवा किसी अन्य अधिनियम के अधीन पारित संकल्प या दिये गये आदेश का किसी {ग्राम सभा}[5], ग्राम पंचायत}[5], संयुक्त समिति या उसके किसी अधिकारी या सेवक द्वारा निष्पादन किये जाने या उसके अग्रेतर निष्पादन किये जाने का प्रतिषेध कर सकता है, यदि जनता या विधिसम्मत् रूप से सेवायोजित व्यक्तियों के किसी वर्ग या समुह को बाधा, क्षोभ अथवा चोट पहुंचे या पहुॅचने की संभावना हो अथवा जिससे मानव जीवन, उसके स्वास्थ्य या सुरक्षा के लिये संकट उपस्थित हो या होने की संभावना हो, अथवा बलवा या दंगा हो या होने की संभावना हो । वह किसी व्यक्ति द्वारा ऐसे संकल्प या आदेश के अनुसरण में अथवा उसकी आड़ में कोई कार्य किये जाने अथवा उसे जारी रखने का प्रतिषेध कर सकता है ।

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 6, 1952 की धारा 7 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 76 की उपधारा (5) द्वारा बढाया गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 33, 1961 की अनुसूची 8(2) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 3, 1973 की धारा 13 (3) द्वारा अन्तर्विष्ट।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 49 (क) (पांच) द्वारा निरसित।
7. उपर्युक्त की धारा 49 (क) (छः) द्वारा प्रतिस्थापित।
8. उपर्युक्त की धारा 49(क)(सात) द्वारा प्रतिस्थापित।
9. उपर्युक्त की धारा 49 (ख) (एक) द्वारा निरसित।
10. उपर्युक्त की धारा 49 (ख) (दो) द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) यदि उपधारा (1) के अधीन कोई आदेश दिया जाये तो उसे दिये जाने के कारणों के विवरण सहित उसकी एक प्रतिलिपि नियत प्राधिकारी अथवा उक्त अधिकारी द्वारा तत्क्षण राज्य सरकार को भेजी जायेगी, जो {ग्राम सभा}[3], {ग्राम पंचायत}[3], संयुक्त समिति अथवा उसके अधिकारी या सेवक से स्पष्टीकरण मांगने और उसके द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण, यदि कोई हों, पर विचार करने के पश्चात आदेश को विखंडित, परिष्कृत करेगी अथवा उसकी पुष्टि करेगी ।

(3) यदि उपधारा (2) के अधीन कोई आदेश दिया जाये और सतत् प्रवृत्त आदेश द्वारा किसी संकल्प या आदेश के निष्पादन या उसके अग्रेतर निष्पादन का निषेध किया जाय तो {ग्राम सभा}[3], {ग्राम पंचायत}[3], संयुक्त समिति अथवा उसके अधिकारी या सेवक का यदि ऐसा आदेश देने वाले प्राधिकारी द्वारा ऐसी अपेक्षा की जाये, यह कर्तव्य होगा कि वह कोई ऐसी कार्यवाही करे जिसे वह उस दशा में करने का हकदार होता, यदि उक्त संकल्प कभी पारित न किया गया होता या उक्त आदेश कभी दिया न गया होता और जो किसी व्यक्ति को, उक्त संकल्प अथवा आदेश की आड़ में जिसके अग्रेतर निष्पादन का प्रतिषेध है, किसी कार्य को करने या करना जारी रखने से रोकने के लिये आवश्यक हो ।

राज्य सरकार द्वारा शक्तियों का प्रतिनिहित किया जाना

{96–क–– राज्य सरकार इस अधिनियम के अधीन अपनी समस्त शक्तियों या उनमें से किसी भी शक्ति को अपने, अधीनस्थ अधिकारी अथवा प्राधिकारी को ऐसी शर्तों और निर्बन्धनो के अधीन रहते हुये, जिन्हें आरोपित करना वह उचित समझे, प्रतिनिहित कर सकते है।}[1]

अध्याय 8

शास्तियां तथा प्रकिया

इस अधिनियम के उपबंधों का अतिलंघन करने के लिये शास्ति

97–– जो कोई इस {अधिनियम की धारा 12–खगक या धारा 12–खगग के उपबन्धों के सिवाय किसी भी उपबन्ध का उल्लंघन करेगा,}[6] वह जब तक अन्यथा नियत न किया हो, जुर्माने का जो {पांच सौ रूपये}[4] तक हो सकता है, दण्डनीय होगा और यदि ऐसा उल्लंघन जारी रहता है, तो वह एक और ऐसे जुर्माने से जो प्रथम दोषसिद्ध के पश्चात् प्रत्येक दिन के लिये जिसके दौरान अपराधी अथवा अपराध का निरन्तर किया जाना सिद्ध हुआ हो, {पचास रूपये}[4] तक हो सकता है, दण्डनीय होगा ।

अधिग्रहण संबंधी किसी आदेश के उल्लंघन के लिए शास्ति

{97–क–– जहां कोई व्यक्ति धारा 12–खगक या धारा 12–खगग के अधीन किए गए किसी आदेश का उल्लंघन करेगा तो वह कारावास से, जिसकी अवधि एक वर्ष तक हो सकेगी या जुर्माने से, या दोनों से, दण्डनीय होगा।}[7]

नियमों तथा उपविधियों का अतिलघन

98–– कोई नियत बनाते समय राज्य सरकार और {नियत प्राधिकारी की स्वीकृति से}[2] कोई उपविधि बनाते समय {ग्राम पंचायत}[3] निदेश दे सकती है कि इसका उल्लंघन जुर्माने से जो {पांच सौ रूपये}[5] तक हो सकता है, दण्डनीय होगा और यदि ऐसा उल्लंघन जारी रहता है, तो वह एक और ऐसे जुर्माने से जो प्रथम दोषसिद्ध के पश्चात प्रत्येक दिन के लिये जिसके दौरान अपराधी अथवा अपराध का निरन्तर किया जाना सिद्ध हुआ हो, {पचास रूपये}[5] तक हो सकता है, दण्डनीय होगा ।

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 10, 1950 की धारा 7 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 77 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 50 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 51 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 29, 1995 की धारा 6 द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 7 द्वारा बढ़ाया गया।

गांव पंचायत की सम्पत्ति को अन्तःक्षेपित करने के लिए शास्ति

99—— (1) जो कोई सार्वजनिक सड़क की किसी पटरी, नाले अथवा अन्य सामग्री अथवा उसके किसी घेरे, दीवाल अथवा खंभे को अथवा बत्ती के खंभे या ब्रेकेट, निदेश स्तम्भ खंभे, हाईड्रेण्ट, अथवा {ग्राम सभा की ऐसी हो, अन्य संपत्ति को ग्राम पंचायत की}[4] अथवा विधि सम्मत प्राधिकारी की लिखित स्वीकृति के बिना हटायेगा, विस्थापित करेगा अथवा उसमें कोई परिवर्तन करेगा अथवा इस प्रकार से हस्तक्षेप करेगा, वह जुर्माने से जो {एक हजार रूपये}[5] तक हो सकता है, दण्डनीय होगा ।

(2) यदि किसी व्यक्ति ने अपने किसी कार्य, अपनी किसी उपेक्षा अथवा चूक के कारण उपधारा (1) द्वारा आरोपित कोई शास्ति उपगत की है और {ग्राम पंचायत}[6] की संपत्ति को कोई क्षति पहुँचाई है तो ऐसी शास्ति उपगत करने वाला, व्यक्ति ऐसी क्षति को पूरा करने तथा ऐसी शास्ति को भुगतान करने का भागी होगा और अपराधी से उक्त क्षतियां नियत रीति से वसूल की जा सकती है।

जारी किये गये नोटिस की अवज्ञा

100—— यदि इस अधिनियम के अथवा इस अधिनियम के अधीन बनाये गये किसी नियम या उपविधि के उपबंधों के अधीन किसी व्यक्ति को नोटिय दिया गया हो जिसमें उसे किसी जंगम अथवा स्थावर सार्वजनिक अथवा निजी संपत्ति के संबंध में कोई निर्माण कार्य निष्पादित करने अथवा नोटिस में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर किसी बात की व्यवस्था करने अथवा उससे विरत रहने की अपेक्षा की गयी हो और ऐसा व्यक्ति नोटिस का पालन करने में चूक करे, तब——

(क) {ग्राम पंचायत}[3] उक्त निर्माण कार्य को संपादित करा सकती है या ऐसी बात की व्यवस्था करा सकती है, अथवा उसे करा सकती है और इस संबंध में अपने द्वारा किये गये समस्त व्यय को ऐसे व्यक्ति से {भू राजस्व को बकाया के रूप में}[1] नियत रीति से वसूल कर सकती है ;

(ख) ऐसा व्यक्ति {न्याय पंचायत}[2] के समक्ष दोषसिद्ध ठहराये जाने पर जुर्माने का जो {पांच सौ रूपये}[7] तक हो सकता है, दण्डनीय होगा और यदि ऐसा उल्लंघन जारी रहता है, तो वह एक और ऐसे जुर्माने से जो प्रथम दोषसिद्ध के पश्चात् प्रत्येक दिन के लिये जिसके दौरान अपराधी अथवा अपराध का निरन्तर किया जाना सिद्ध हुआ हो, {पचास रूपये}[7] तक हो सकता है, दण्डनीय होगा ।

नोटिस अवेध न होगा

101—— अपने प्रारूप में किसी दोष या लोप के कारण कोई नोटिस अवैध न होगा ।

अपील

102—— (1) यदि इस अधिनियम के अथवा इस अधिनियम के अधीन {ग्राम पंचायत}[3] द्वारा दिय गये आदेश अथवा निदेश से क्षुब्ध कोई व्यक्ति, जब तक अन्यथा नियत न किया हो, ऐसे आदेश अथवा निदेश के दिनांक से 30 दिन के भीतर, जिसमें उसकी प्रतिलिपि प्राप्त करने के लिये अपेक्षित समय सम्मिलित नही होगा, नियत प्राधिकारी को अपील कर सकता है जो उक्त आदेश या निदेश को परिवर्तित रद्द अथवा पुष्ट कर सकता है और अपील करने वाले व्यक्ति को या उसके विरूद्व वाद व्यय भी अधिनिर्णित कर सकता है ।

(2) नियत प्राधिकारी, यदि उचित समझे, तो वह उपधारा (1) में अपील के लिये अनुज्ञात अवधि को बढ़ा सकता है ।

(3) उपधारा (1) के अधीन नियत प्राधिकारी का निर्णत अन्तिम होगा और उस पर किसी विधि न्यायालय में आपत्ति नही की जायेगी ।

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 78 (1) द्वारा प्रतिस्थापित ।
2. उपर्युक्त की धारा 78 (2) द्वारा प्रतिस्थापित ।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 52 (क) (एक) द्वारा प्रतिस्थापित
5. उपर्युक्त की धारा 52 (क) (दो) द्वारा प्रतिस्थापित
6. उपर्युक्त की धारा 52 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित
7. उपर्युक्त की धारा 53 द्वारा प्रतिस्थापित

कतिपय मामलों में अभियोजन का निलम्बन

103–– यदि धारा 102 में किसी आदेश अथवा निदेश के विरूद्ध कोई अपील की गई हो, तो ऐसे आदेश अथवा निदेश को प्रवृत्त करने के लिये कोई कार्यवाही और उसके उल्लंघन के लिये कोई अभियोजन नियत प्राधिकारी के आदेश से, अपील का निर्णय होने तक, निलम्बित किया जा सकता है और यदि अपील में ऐसा आदेश या निदेश रद्द कर दिया जाये तो उसकी अवज्ञा को अपराध नही समझा जायेगा ।

अपराध को शमन करने की शक्ति

104–– (1) तदर्थ बनाये गये किसी नियम के अधीन रहते हुए {ग्राम पंचायत}[3] किसी आपराधिक वाद के संस्थित किये जाने के पूर्व या पश्चात् इस अधिनियम के अथवा इसके अधीन बनाये गये किसी नियम अथवा उपविधि के विरूद्ध किये गये अपराध का शमन {ग्राम पंचायत}[3] की ऐसी धनराशि जो नियत की जाये, के नकद भुगतान किये जाने पर कर सकती है ।

(2) जब किसी अपराध का शमन किया गया हो तो अपराधी, यदि वह अभिरक्षा में हो, छोड़ दिया जायेगा और इस प्रकार शमित अपराध के संबंध में उसके विरूद्ध अग्रेतर कोई कार्यवाही नही की जायेगी ।

इस धारा के अधीन शासन के रूप में भुगतान की गयी समस्त धनराशियां {गांव निधि}[1] में जमा की दी जायेगी ।

प्रवेश तथा निरीक्षण

105–– {ग्राम पंचायत}[3] का {प्रधान}[2] और यदि {ग्राम पंचायत}[3] द्वारा तदर्थ प्राधिकृत किया गया हो, {ग्राम पंचायत}[3] का कोई अन्य सदस्य, अधिकारी अथवा सेवक किसी भवन या भूमि में अथवा पर सहायकों और कर्मकारों के साथ अथवा उसके बिना ऐसे निर्माण कार्य का निरीक्षण या सर्वेक्षण अथवा निष्पादन करने के लिये प्रवेश कर सकता है जिसे करने या निष्पादित करने के लिये {ग्राम पंचायत}[3] इस अधिनियम द्वारा अथवा इसके अधीन बनाये गये नियमों अथवा उपविधियों द्वारा प्राधिकृत हो अथवा जिसे इस अधिनियम के या नियमों के अथवा उपविधियों के किन्हीं उपबंधों के अनुसरण या उनमें से किन्हीं प्रयोजनों के निमित्त करना या निश्पादित करना {ग्राम पंचायत}[3] के लिये आवश्यक हो :

प्रतिबंध यह है कि––

(क) सिवाय उस दशा के जबकि इस अधिनियम या नियमों अथवा उपविधियों में अभिव्यक्त रूप से अन्यथा उपबंधित हो ऐसा कोई प्रवेश सूर्यास्त और सूर्यादय के बीच न किया जायेगा ; और

(ख) सिवाय उस दशा के जबकि इस अधिनियम या नियमों अथवा उपविधियों में अभिव्यक्त रूप से अन्यथा उपबंधित हो किसी भवन में जो मनुष्यों के निवास गृह के रूप में प्रयुक्त होता हो, उसके अध्यासी की सहमति के बिना और उक्त अध्यासी को ऐसा प्रवेश करने के अभिप्राय का लिखित रूप में चार घंटे से कम का पहले से नोटिस दिये बिना इस प्रकार नोटिस न किया जायेगा ; और

(ग) प्रत्येक मामले उस दशा में भी पर्याप्त नोटिस दिया जायेगा जब किसी भू गृहादि में नाटिस दिये बिना अन्यथा प्रवेश किया जा सकता हो, जिससे उस कक्ष की, जो स्त्रियों के रहने के लिये प्रयुक्त होता हो, स्त्रियों हटकर भूगृहादि के ऐसे भाग में चली जा सकें, जहां उनकी एकान्तता में कोई बाधा न पहुंचे ; और

(घ) जिस भूगृहादि में प्रवेश किया जायेगा उसके अध्यासियों की सामाजिक और धार्मिक प्रथाओं का सम्यक ध्यान रखा जायेगा ।

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 79 द्वारा प्रतिस्थापित ।
2. उपर्युक्त की धारा 82 द्वारा प्रतिस्थापित ।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

{ग्राम सभाओं,}[4] {ग्राम पंचायत}[4] उनके अधिकारियों अथवा न्याय पंचायतों के अधिकारियों और सेवकों के विरूद्व सिविल वाद

{106–– (1) {ग्राम सभा}[4] या {गांव {पंचायत}[4] अथवा भूमि प्रबंधक समिति के विरूद्व अथवा उसके या न्याय पंचायत के सदस्य या अधिकारी या सेवक}[3] गांव के विरूद्व जो इन निकायों अथवा व्यक्तियों में से किसी के निदेश के अधीन कार्य करता हो, किसी ऐसे कार्य के लिये, जो उसने इस अधिनियम के अधीन अधिकारिक रूप में किया हो या जिसका किया जाना तात्पर्यित हो, कोई सिविल वाद या अन्य कोई विधिक कार्यवाही तब तक न संस्थित की जायेगी जब तक कि {ग्राम सभा}[4] या {ग्राम पंचायत}[4] की दशा में लिखित नोटिस, जिसमें वाद कारण, अपेक्षित उपशमी का प्रकार, दावा किये जाने वाले प्रतिकर की धनराशि, यदि कोई हो, और वादी का नाम तथा निवासगृह का पता स्पष्ट रूप से वर्णित होगा, संबंधित {ग्राम पंचायत}[4] के कार्यालय में परिदत्त दिये जाने या वहां छोड़ दिये जाने ओर सदस्य अधिकारी या सेवक अथवा ऐसे व्यक्ति की दशा में जो उसके निदेश के अधीन अथवा {ग्राम सभा}[4], {ग्राम पंचायत}[4] अथवा न्याय पंयायत के निदेश के अधीन कार्य कर रहा हो, उसे परिदत्त किये जाये अथवा उसके कार्यालय या उसके निवास गृह पर छोड़ दिये जाने के बाद दो मास न व्यतीत हो गये हों, और वाद पत्र में इस आशय का कथन होगा कि ऐसा नोटिस इस प्रकार परिदत्त किया गया है या छोड़ दिया गया है ।}[1]

(2) कोई ऐसी कार्यवाही, जो उपधारा (1) में वर्णित है,, वादकरण प्रोदभूत होने के पश्चात 6 मास के भीतर ही प्रारम्भ करने के सिवाय अन्यथ प्रारम्भ नहीं की जायेगी ।

{ग्राम पंचायत}[4] तथा न्याय पंचायत को सरंक्षण 1850 का 8

107–– (1) जूडीशियल आफिसर्स प्रोटेक्शन ऐक्ट, 1850 के उपबंध न्याय पंचायत के सदस्यों पर लागू होगें ।

(2) इस अधिनियम या इसके अधीन बनाये गये किसी नियम या उपविधि के अधीन सदभावपूर्वक किये गये अथवा किये जाने के लिये अभिप्रेत किसी कार्य के संबंध में {ग्राम पंचायत}[4] या उसके किसी सदस्य या अधिकारी या किसी ऐसे व्यक्ति के विरूद्व जो उसके निदेश के अधीन कार्य कर रहा हो, कोई सिविल वाद अथवा अभियोजन किसी न्यायालय में ग्रहण न किया जायेगा ।

कार्यवाहियों की वैधता

{107–क–– इस अधिनियम के अधीन अन्यथा उपबंधित अवस्था को छोड़कर {ग्राम सभा}[4], {ग्राम पंचायत}[4] अथवा उसकी कोई समिति इस बात के होते हुए भी उसकी सदस्यता में कोई रिक्ति थी अथवा उसके किसी सदस्य का नाम दर्ज करने में कोई त्रुटि या अनियमितता थी, कार्य करने के लिये सशस्त होगी {और किसी ग्राम सभा, ग्राम पंचायत}[5] अथवा उसकी कोई समिति में कोई कार्यवाही इस बात के होते हुये भी वैध होगी किसी सदस्य का नाम दर्ज करने में कोई त्रुटि या अनियमितता थी अथवा व्यक्ति जो ऐसा करने का हकदार नही था, कार्यवाहियों में उपस्थित रहा, मतदान किया अथवा उपस्थित व्यक्तियों में से कम से कम दो तिहाई व्यक्ति सदस्य होने के लिये अनर्ह न रहे हों ।}[2]

पंचायतों को सहायता देने तथा अपराधों के संबंध में पुलिस की शक्तियां तथा कर्तव्य

108–– पुलिस का प्रत्येक अधिकारी किसी ऐसे अपराध की, जो इस अधिनियम के या इसके अधीन बनाये गये किसी नियम अथवा उपविधि के विरूद्व किया गया हो और जिसकी उसे जानकारी हो जाये, सूचना तत्काल {ग्राम पंचायत}[4] का देगा और {ग्राम पंचायत}[4] और न्याय पंचायत के समस्त सदस्यों तथा सेवकों को उनके विधि सम्मत प्राधिकारी के प्रयोग में सहायता देगा ।

---

1. उ0प्र0अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 81 द्वारा प्रतिस्थापित ।
2. उपर्युक्त की धारा 82 द्वारा बढ़ाया गया ।
3. उ0प्र0अधिनियम सं0 33, 1961 की अनुसूची 8(2) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 54 द्वारा प्रतिस्थापित

109–– यदि {न्याय पंचायत की अधिकारिता के संबंध में अथवा}[1] दो या दो से अधिक {ग्राम पंचायतों}[6] के बीच अथवा {ग्राम पंचायत}[6] अथवा टाउन एरिया अथवा म्युनिसीपल बोर्ड अथवा जिला परिषद् के बीच कोई विवाद उत्पन्न हो तो उसे नियत प्राधिकारी को अभिदिष्ट किया जायेगा, जिसका निर्णय अन्तिम होगा और उस पर किसी विधि न्यायलय में आपत्ति नही की जायेगी ।

अभिलेखों की अभिरक्षा और उन्हें प्रमाणित करने का ढंग

{109–क–– (1) इस अधिनियम के किसी अन्य उपबन्ध में किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, ––

(क) ग्राम पंचायत के सभी अभिलेख उसके {प्रधान}[8] की अभिरक्षा में रहेंगे;

(ख) {प्रधान/}[9] सचिव, आवेदन करने पर और ऐसी फीस के भुगतान करने पर, जैसी नियत की जाय, किसी व्यक्ति को ऐसे किसी अभिलेख की प्रति देगा और उसे अपने हस्ताक्षर और ग्राम पंचायत की मुहर से सत्य प्रतिलिपि के रूप में प्रमाणित करेगा;

{(ग) अभिलेखों के समुचित अनुरक्षण एवं उनमें प्रविष्टियां करने का दायित्व ग्राम पंचायत के सचिव का होगा।}[10]

(2) ग्राम पंचायत के किसी अभिलेख की सम्यक रूप से प्रमाणित प्रति को अभिलेख के अस्तित्व के प्रथम दृष्टया साक्ष्य के रूप में उस सीमा तक ग्रहण किया जायगा, जहाँ और जिस सीमा तक अभिलेख, यदि वह प्रस्तुत किया जाता, ऐसे विषयों को प्रमाणित करने के लिए ग्राह्य होता।}[7]

अध्याय 9
नियम, उपविधियां तथा निरसन

राज्य सरकार की नियम बनाने की शक्ति

110–– {(1) राज्य सरकार इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिये गजट में अधिसूचना द्वारा नियम बना सकती है।}[4]

(2) विशेषतः तथा पूर्वोक्त शक्ति का व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियमों में निम्नलिखित व्यवस्था की जा सकती है––

(1) कोई विषय, जिसके लिये व्यवस्था करने की शक्ति इस अधिनियम द्वारा अभिव्यक्त अथवा विवक्षित रूप से राज्य सरकार को प्रदत्त की जाये ;

{(2) {ग्राम सभा}[6] या न्याय पंचायत की स्थापना या {ग्राम पंचायत}[6] का संघटन;}[3]

[2](2–क) उपप्रधान के लिये अर्हतायें ;

[2](2–ख) {ग्राम सभा}[6] या न्याय पंचायत की स्थापना का सर्किलों में परिवर्तन होने के फलस्वरूप उनके परिसम्मत और दायित्वों का विवरण ;

{(2–ग) धारा 12–ग के अधीन निर्वाचन याचिकाओं और पुनरीक्षण के लिये आवेदन पत्रों का प्रस्तुत किया जाना और उनका निस्तारण ।}[5]

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 83 द्वारा बढ़ाया गया ।
2. उपर्युक्त की धारा 85 (1) (क) द्वारा प्रतिस्थापित ।
3. उ0प्र0अधिनियम सं0 15, 1960 की धारा 15 (क) द्वारा प्रतिस्थापित ।
4. उ0प्र0अधिनियम सं0 3, 1973 की धारा 14 (1) द्वारा प्रतिस्थापित ।
5. उ0प्र0अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 43 (क) द्वारा प्रतिस्थापित ।
6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 33 वर्ष 1999 के अध्याय–दो की धारा 5 द्वारा प्रतिस्थापित।
8. उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 26 वर्ष 2003 की धारा 2 (1) द्वारा प्रतिस्थापित।
9. उपर्युक्त की धारा 2 (2) द्वारा अन्तर्विष्ट।
10. उपर्युक्त की धारा 2 (3) द्वारा बढ़ाया गया।

[2](2–घ) प्रधान, उपप्रधान, {ग्राम पंचायतों}[5] के सदस्यों, पंच, सहायक सरपंच, तथा सरपंच द्वारा शपथ ग्रहण ;

[2](2–ङ) प्रधान, उपप्रधान, {ग्राम पंचायतों}[5] के सदस्यों, पंच, सहायक सरपंच, तथा सरपंच द्वारा पद त्याग पत्र का निवेषित किया जाना ;

[1](2–च) सामान्य निर्वाचनों तथा उप निर्वाचनों का आयोजन ;

{(2–छ) न्याय पंचायत के पंचों की नियुक्ति ;}[5]

[1](2–ज) {ग्राम पंचायत}[4] और न्याय पंचायत के पदाधिकारियों को अवकाश प्रदान करना ;

[1](2–झ) किस कारण से प्रधान और उपप्रधान की अनुपस्थिति में उनके कर्तव्यों का पालन किया जाना ;

(3) {ग्राम सभाओं,}[4] {ग्राम पंचायत}[4] और न्याय पंचायत की बैठकों का समय और स्थान और बैठकें बुलाने और उनकी सूचना देने की रीति ;

(4) कार्यवाहियों का संचालन, जिसके अन्तर्गत बैठकों में सदस्यों द्वारा प्रश्नों का पूछा जाना और बैठकों का स्थगित किया जाना और बैठकों की कार्यवृत्ति पुस्तकें भी है ;

(5) समितियों का स्थापित किया जाना और ऐसी समितियों में संघटन और प्रकिया से संबंधित सभी विषयों का अवधारण ;

(6) पदाधिकारियों का निलम्बन तथा हटाया जाना ;

(7) अभिलेख और रजिस्टर, जो {ग्राम पंचायत}[4] और न्याय पंचायतों द्वारा रखे जायेगें तथा प्रपत्र जिसमें वे होगें ;

{(7–क) {ग्राम सभा}[4] तथा {ग्राम पंचायत}[4] के रजिस्टरों का नियतकालिक, पुनरीक्षण तथा संशोधन ;}[1]

(8) कार्यवाही जो कार्यकारिणी समिति, संयुक्त समिमि या किसी अन्य समिति और न्याय पंचायत में कोई रिक्ति होने पर की जायेगी ;

(9) प्राधिकारी जिसके द्वारा कार्यकारिणी समिति, संयुक्त समिति, किसी अन्य समिति अथवा न्याय पंचायत में नियुक्तियों के संबंध में विवादों का निर्णय किया जा सकता है, तथा उसमें पालन की जाने वाली प्रकिया ;

(10) {ग्राम पंचायत}[4] {अथवा न्याय पंचायत}[2] के ऐसे सेवकों द्वारा दी जाने वाली प्रतिभूति की धनराशि और उसका प्रकार जिससे प्रतिभूति की अपेक्षा करना इश्टकर समझा जाय ;

{(11) {ग्राम पंचायत}[4] और न्याय पंचायत के सेवकों की नियुक्ति, अर्हतायें, पर्यवेक्षण, पदच्युति, सेवामुक्ति, उन्हें हटाया जाना अथवा दण्ड तथा उनकी सेवा, अवकाश स्थानान्तरण, वेतन तथा विषेशाधिकारों से संबंधित अन्य विषय और अपील करने के उनके अधिकार ;}[3]

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 85 (1) (क) तथा (ख) द्वारा बढ़ाया गया ।
2. उपर्युक्त की धारा 85 (1) (ग) द्वारा बढ़ाया गया।
3. उपर्युक्त की धारा 85 (1) (घ) द्वारा बढ़ाया गया ।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 21 वर्ष 1995 की धारा 11 द्वारा प्रतिस्थिापित।

(12) {ग्राम पंचायत}[7] {तथा न्याय पंचायत}[1] के सेवकों के लिये भविष्य निधि का प्रबंध और विनियमन, यदि किसी {ग्राम पंचायत}[7] द्वारा भविष्य निधि की प्रणाली अपनायी जाये ;

(13) प्रारम्भिक विद्यालयों की स्थापना, अनुरक्षण और प्रबंध तथा उनके भवनों का निर्माण और मरम्मत ;

(14) किसी संयुक्त समिति को सौपे गये पुस्तकालयों, वाचनालयों, औषधालयों की स्थापना, प्रशासन तथा नियंत्रण और उनसे सम्बद्ध भवनों का निर्माण और मरम्मत तथा {पंचायत क्षेत्र}[8] के निर्धन निवासियों को औषधि और चिकित्सा संबंधी सहायता का सम्भरण ;

(15) किसी भूमि, भूगृहादि अथवा जल पर उत्पन्न जल वनस्पति {घास, तृणादि अथवा जंगली उपज}[2] को खोज निकालना, उसये हटाना और नष्ट करना, उसके फैलाव को रोकने के लिये घेरों और अवरोधों का बनाया जाना और ऐसे कार्य को करने में होने वाला व्यय ;

(16) स्वच्छता, सफाई, जल निस्तारण, भवनों, सार्वजनिक सड़कों तथा जल सम्भरण के संबंध में कार्यवाही और लोक न्यूसेन्स का प्रतिशेध ;

{(16–क) धारा 15, 16 तथा 17 में उल्लिखित {ग्राम पंचायत}[7] के कृत्यों तथा कर्तव्यों का पालन करना ;}[3]

(17) आय तथा व्यय के वार्षिक अनुमान तैयार करना तथा विषिश्ट प्रयोजनों के लिये निधि {को}[4] पृथगरक्षित करना ;

(18) {ग्राम पंचायतों}[7] और न्याय पंचायतों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली विवरणियां तथा प्रपत्र जिनमें वे होगी और प्राधिकारी, जिसको और समय, जब वे प्रस्तुत की जायेगी ;

(19) करों और लाइसेंस फीस का लगया जाना, प्राधिकारी जिसके द्वारा और रीति जिसके अनुसार कर निर्धारित किये जा सकते है और प्राधिकारी जिसको कर निर्धारण आदेश के विरूद्व अपील की जा सकती है ;

{(19–क) {ग्राम पंचायतों}[7] द्वारा राज्य के देयों तथा अन्य देयों की वसूली और उसके लिए दिया जाने वाला पारिश्रमिक;}[5]

(20) करों तथा अन्य देयों के भुगतान का ढंग और समय, वसूली की प्रकिया और प्राधिकारी, जिसकी सहायता करों तथा देयों की वसूली करने में {ग्राम पंचायत}[7] द्वारा ली जा सकती है ;

(21) {ग्राम पंचायतों}[7] {और न्याय पंचायतों}[6] द्वारा लेखा रखने का ढंग ;

(22) सार्वजनिक भवनों और नजूल भूमि का अनुरक्षण ;

(23) किसी सम्पत्ति को अन्तरित करते समय पालन की जाने वाली औपचारिकतायें और वह रीति जिसके अनुसार संविदा विलेख {ग्राम पंचायत}[7] द्वारा निष्पादित किया जायेगा ;

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 85 (1)(ङ) द्वारा बढ़ाया गया ।
2. उपर्युक्त की धारा 85 (1)(च) द्वारा बढ़ाया गया ।
3. उपर्युक्त की धारा 85 (1)(छ) द्वारा बढ़ाया गया ।
4. उपर्युक्त की धारा 85 (1)(ज) द्वारा बढ़ाया गया ।
5. उपर्युक्त की धारा 85 (1)(झ) द्वारा बढ़ाया गया ।
6. उपर्युक्त की धारा 85 (1)(ञ) द्वारा बढ़ाया गया ।
7. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
8. उपर्युक्त की धारा 56 (क) (एक) द्वारा प्रतिस्थापित।

(24) लेखा परीक्षकों, निरीक्षकों तथा अधीक्षक प्राधिकारियों की जांच करने की, साक्षियों को बुलाने और उनकी परीक्षा करने की, लेख्यों को प्रस्तुत करने के लिये बाध्य करने की शक्तियां तथा लेखा परीक्षा, निरीक्षण तथा अधीक्षण से संबंधित अन्य समस्त विषय ;

(25) न्याय पंचायत के समनों, नोटिसों तथा अन्य आदेशिकाओं का जारी किया जाना, उनकी तामील अथवा निष्पादन किया जाना और {ग्राम पंचायतों}[3] द्वारा नोटिस का जारी किया जाना तथा उनकी तामील किया जाना ;

{(25–क) साक्षियों की परीक्षा करने के लिए कमीशनों का जारी किया जाना;}[1]

{(25–ख) यदि सरपंच आपराधिक वाद ग्रहण करने से इंकार करे तो उनका संस्थित किया जाना;}[1]

(26) समनों तथा अन्य आदेशिकाओं का तामील किये जाने या निष्पादित किया जाने के लिये न्याय पंचायतों द्वारा किसी अन्य न्याय पंचायत या न्यायालय को अन्तरित किया जाना ;

(27) सिविल वादों तथा आपरादिक वादों के संस्थित किये जाने, आदेशिकाओं के जारी किये जाने, लेख्यों की प्रतिलिपियां प्राप्त करने तथा अन्य विषयों के लिये न्याय पंचायतों द्वारा लगायी जाने वाली फीस ;

(28) उस दशा में देय न्यायालय फीस तथा अन्य फीस जब न्याय पंचायत पक्षों की सहमति से ऐसा सिविल वाद ग्रहण करे जो अन्यथा उसकी आधिकारिता के बाहर हो;

(29) न्याय पंचायत द्वारा दी गयी डिक्रियां, दिये गये आदेशों और दण्डादेशों के निष्पादन की प्रक्रिया ;

(30) इस अधिनियम के अधीन न्याय पंचायतों द्वारा अपने कर्तव्यों का पालन किये जाने के लिये {ग्राम पंचायतों}[3] द्वारा धनराशि प्रविष्ट किया जाना और वह सीमा जिस तक न्याय पंचायतों को भुगतान की गयी फीसों का {ग्राम पंचायतों}[3] द्वारा प्रयोग किया जा सकता है ।

(31) शक्तियां, जिनका प्रयोग जिला परिषद अथवा किसी नियत प्राधिकारी द्वारा इस अधिनियम के अधीन अपने दायित्यों का निर्वहन करने में किया जासकता है और वह रीति जिससे ऐसी शक्तियों का प्रयोग किया जा सकता है ।

(32) {ग्राम पंचायतों}[3] के लिए {ग्राम पंचायतों}[3] द्वारा उपविधियां बनाने में नियत प्राधिकारी द्वारा पालन की जाने वाली प्रक्रिया ;

{(33) सामान्यतया इस अधिनियम के अथवा इसके अधीन बनाये गये नियमों के अधीन किसी विषय के संबंध में प्रपत्रों तथा रजिस्टरों का नियत किया जाना और उनका मुद्रण ;}[2]

(34) नक्शों, डिजायनों, विशिष्ट विवरण तथा अनुमानों का अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जाना ;

(35) गांव स्वयं सेवक दल के कर्तव्य, शक्तियां और कृत्य ;

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 85(1)(ट) द्वारा बढ़ाया गया।
2. उपर्युक्त की धारा 85 (1) (ठ) द्वारा प्रतिस्थापित ।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

(36) {ग्राम पंचायतों}[4], {न्याय पंचायतों}[1] द्वारा वार्षिक रिपोर्टो का प्रस्तुत किया जाना और उनका पुनर्विलोकन,

(37) {ग्राम पंचायत}[4] के सदस्यों से भिन्न व्यक्ति, जो {ग्राम पंचायतों}[4] की बैठकों में परामर्शदाता के रूप में उपस्थित हो सकते हों ;

(38) {ग्राम पंचायत}[4] और न्याय पंचायत तथा अन्य प्राधिकारियों के बीच पत्र व्यवहार का माध्यम ;

(39) {ग्राम सभाओं अथवा ग्राम पंचायतों}[5] अथवा न्याय पंचायतों के समाप्त किये जाने पर उनके परिसम्पत्ति और दायित्वों का निस्तारण ;

(40) किसी {ग्राम पंचायत}[4] के सम्पूर्ण स्थानीय क्षेत्र या उसके किसी भाग का किसी {नगर}[3], म्यूनिसीपैलिटी, नोटिफाइड एरिया, टाउनएरिया अथवा केन्टोमेंट में सम्मिलित कर लिये जाने पर की जाने वाली कार्यवाही और वह रीति जिससे ऐसी परिस्थितियों में {ग्राम पंचायत}[4] के परिसम्पत्ति और दायित्वों का निस्तारण किया जा सकेगा ;

(41) शर्तें, जिनके अधीन गांव पंचायत को देय धनराशियां वसूल न होने योग्य होने के कारण बट्टे खाते में डाली जा सकती है और शर्तें, जिसके अधीन सम्पूर्ण फीस अथवा उसके किसी भाग की छूट दी जा सकती है, और इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने से संबंधित किसी विषय में सामान्यतया {ग्राम पंचायतों}[4], न्याय पंचायतों, संयुक्त समितियों, अन्य समितियों सरकार के सेवकों तथा अन्य प्राधिकारियों के पथ प्रदर्शन के लिये;

{(42) अनुसचित जातियों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व प्राप्त करने के लिये {ग्राम पंचायत}[4] के सदस्यों का निर्वाचन का विनियमन ;

[2](43) सामान्य प्रशासन पर प्रभाव डालने वाले किसी विषय पर सरकारी सेवकों को {ग्राम पंचायतों}[4] द्वारा दी जाने वाली सहायता ;

[2](44) सहायक सरपंच ओर उपप्रधान की शक्तियां और कर्तव्य ;

[2](45) {ग्राम पंचायतों}[4] द्वारा धन का ऋण लिया जाना तथा दिया जाना;

[2](46) विषय, जो नियत किये जाने हों और नियत किये जाये ; तथा

(47) कोई भी विषय, जिसके संबंध में धारा 111 में किसी {ग्राम पंचायत}[4] के लिये उपविधि बनाने की शक्ति नियत प्राधिकारी को प्रदान की गयी हो ।}[2]

(3) {***}[6]

उपविधियां बनाने की जिला परिषदों की शक्ति

111–– नियत प्राधिकारी गावं पंचायत की अधिकारिता के भीतर निवास करने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुविधा की अभिवृद्वि और अनुरक्षण के प्रयोजन के लिये तथा इस अधिनियम के अधीन {ग्राम पंचायतों}[4] के प्रशासन को आगे बढ़ाने के लिये अपनी अधिकारिता के भीतर {ग्राम पंचायत}[4] के इस अधिनियम से और इसके अधीन बनाये गये नियमों से संगत उपविधियां बना सकता है और राज्य सरकार द्वारा अपेक्षा किये जाने पर अवश्य बनायेगा ।

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 85 (1) (ड) द्वारा बढ़ाया गया ।
2. उपर्युक्त की धारा 85 (1) (त) द्वारा बढ़ाया गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 73 (ख) द्वारा अन्तर्विष्ट।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 56 (क) (दो) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 56 (ख) द्वारा निरसित।

उपविधियां बनाने की {ग्राम पंचायतों}[3] की शक्ति

112–– (1) इस अधिनियम के उपबंधों तथा इसके अधीन बनाये गये सभी नियमों के और नियत प्राधिकारी द्वारा बनायी गयी उपविधियों, यदि कोई हो, के अधीन रहते हुये, {ग्राम पंचायत}[3] निम्नलिखित के लिये उपविधियां बना सकती है––

(क) पीने के प्रयोजन के लिये किसी ऐसे स्रोत से जल के हटाने अथवा उसके प्रयोग का प्रतिषेध करना जिससे स्वास्थ्य के लिये संकट उत्पन्न होने की संभावना हो और किसी ऐसे कार्य करने का प्रतिशेध करना जिससे पीन के जल के स्रोत के दूषित होने की संभावना हो ;

(ख) किसी नाली अथवा भूगृहादि से किसी सार्वजनिक सड़क पर अथवा नदी, पोखर, तालाब कुएं में अथवा किसी अन्य स्थान पर जल के निस्तारण का प्रतिषेध अथवा उसे विनियमित करना ;

(ग) सार्वजनिक सड़क तथा {ग्राम पंचायत}[3] की संपत्ति को क्षति से बचना ;

(घ) {ग्राम पंचायतों}[3] के क्षेत्र में स्वच्छता, सफाई तथा जल निस्तारण को विनियमित करना ;

(ड़) दुकानदारों अथवा अन्य व्यक्तियों द्वारा सार्वजनिक सड़कों अथवा अन्य सार्वजनिक स्थानों के प्रयोग का अथवा सार्वजनिक सड़कों पर तहबाजारी के संग्रहण का प्रतिशेध करना या उसे विनियमित करना ;

(च) उस रीति को विनियमित करना, जिससे तालाब, पोखर, नलकूप, चरागाह, खेल के मैदान, खाद के गडढ़े, मृतक शरीर के निस्तारण के लिये भूमि तथा नहाने के स्थान अनुरक्षित तथा प्रयुक्त किये जायेगें ;

{(छ) {ग्राम पंचायत}[3] के किसी ऐसे अन्य कर्तव्यों अथवा कृत्यों का विनियमित करना जैसा कि नियत प्राधिकारी द्वारा निदेश दिया जाये।}[1]

(2) {ग्राम पंचायत}[3] द्वारा बनाई गई उपविधियो का प्रारूप नियत रीति से प्रकाशित किया जायेगा। उसके संबंध में प्राप्त किन्हीं आपत्तियों पर {ग्राम पंचायत}[3] की बैठक में विचार किया जायेगा और तब उपविधियां प्राप्त, आपत्तियों, यदि कोई हो, ओर उन पर किये गये निर्णयों सहित नियम रीति से प्रकाशित किये जाने के बाद प्रवृत्त होगें {;}[2]

{प्रतिबंध यह है कि राज्य सरकार इस प्रकार स्वीकृत किन्हीं उपविधियों को किसी भी समय विखंडित कर सकती है।}[2]

निरसन और संक्रमण–कालीन उपबन्ध

113–– (1) {***}[5]

{(2) उत्तर प्रदेश पंचायत विधि (संशोधन) अधिनियम, 1994 के प्रारम्भ के दिनांक को और से, किसी नियम, विनियम, उपविधि, परिनियत संलेख या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में या किसी दस्तावेज या कार्यवाहियों में, {'ग्राम सभा}[3] या {'ग्राम पंचायत'}[3] के प्रति किसी निर्देश को 'ग्राम पंचायत' के प्रति निर्देश समझा जायेगा।}[4]

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 86(1) द्वारा बढ़ाया गया।
2. उपर्युक्त की धारा 86 (2) द्वारा बढ़ाया गया ।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 58 द्वारा बढ़ाया गया।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 21 वर्ष 1995 की धारा 12 द्वारा निरसित।

कतिपय दशाओं में आकस्मिक रिक्तियों को बिना भरे रखा जाना

{114—— {(1)}[2] यदि इस अधिनियम के अधीन संघटित किसी निकाय में किसी सदस्य अथवा पदाधिकारी की मृत्यु हो जाने, उसके पद त्याग करने, हटाये जाने अथवा निर्वाचन का परिवर्जन करने के कारण कोई रिक्ति हो जाये और ऐसे सदस्य अथवा पदाधिकारी का कार्यकाल सामान्य घटनाक्रम में ऐसी रिक्ति होने के छः मास के भीतर समाप्त हो जाता हो तो नियत प्राधिकारी निदेश दे सकता है कि रिक्ति को इस अधिनियम के अधीन आगामी सामान्य निर्वाचन होने तक बिना भरे रखा जायेगा ।}[1]

{(2) यदि उपधारा (1) के अधीन दिये गये निदेश के कारण प्रधान तथा उपप्रधान दोनों के पक्षों की रिक्तियों बिना भरे रह जाये तो प्रधान के निर्वाचित होने तक प्रधान के कृत्यों के निर्वहन के लिये नियत प्राधिकारी, आदेश द्वारा, ऐसा प्रबंध कर सकता है जो वह ठीक समझे।}[2]

कुछ दशाओं में सम्पत्ति, आस्तियों, अधिकारों, दायित्वों तथा आभारों का उत्तराधिकार

[4]{115—— (1) उत्तर प्रदेश पंचायत विधि (संशोधन) अधिनियम, 1994 के प्रारम्भ के दिनांक को और से ——

(क) समस्त सम्पत्ति, सम्पत्ति में हित और आस्तियां, जिनके अन्तर्गत रोकड़ बाकी भी है, जहां कहीं भी वे स्थित हों, जो उक्त दिनांक के ठीक पहले {ग्राम सभा}[3] में निहित थी, इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए, यथास्थिति, ग्राम पंचायत में निहित हो जायेंगी और इसके अधिकार में रहेंगे; तथा

(ख) पूर्वोक्त {ग्राम सभा}[3] के ऐसे समस्त अधिकार, दायित्व और आभार चाहे वे किसी संविदा से उत्पन्न हुए हों या अन्यथा, जो उक्त दिनांक से ठीक पहले विद्यमान हो, यथास्थिति, उस ग्राम पंचायत के अधिकार, दायित्व और आधार हो जायेंगे।

(2) यदि कोई संदेह या विवाद उत्पन्न हो कि कोई सम्पत्ति, हित या आस्ति उपधारा (1) के अधीन ग्राम पंचायत में निहित हो गई है या नहीं अथवा कोई अधिकार, दायित्व या आधार ग्राम पंचायत का अधिकार, दायित्व या आभार हो गया है या नहीं तो ऐसा संदेह या विवाद, राज्य सरकार को नियत रीति से निर्दिष्ट किया जायेगा, जिसका निर्णय, जब तक कि वह किसी विधि न्यायालय के किसी निर्णय से अवक्रान्त न हो जाए, अन्तिम होगा।

देय धनराशियां

116—— किसी गांव सभा को देय समस्त धनराशियां, चाहे वे किसी कर के मद में देय हो या किसी अन्य खाते में, ग्राम पंचायत द्वारा वसूल की जायेगी और ग्राम पंचायत ऐसी वसूली के प्रयोजनार्थ कोई ऐसा कार्य करने के लिए सक्षम होगी या कोई ऐसी कार्यवाही करने के लिए सक्षम होगी, जिसे उत्तर प्रदेश पंचायत विधि (संशोधन) अधिनियम, 1994 के प्रवृत्त न होने की दशा में उक्त {ग्राम सभा}[3] करने या प्रारम्भ करने की अधिकारी होती।

ऋण, आभार, संविदाएं तथा विचाराधीन कार्यवाहियां

117—— (1) किसी {ग्राम सभा}[3] द्वारा या उसकी ओर से धारा 115 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट दिनांक के पूर्व उपगत सभी ऋणों और आभारों और की गई सभा संविदाओं के सम्बन्ध में, जो उक्त दिनांक को विद्यमान हों, यह समझा जायगा कि वे इस अधिनियम द्वारा उसे प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करके, ग्राम पंचायत द्वारा हुए अथवा किए गए हैं और तद्नुसार वे प्रवर्तन में बने रहेंगे।

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 87 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 6 वर्ष 1969 की धारा 9 द्वारा पुनर्संख्यांकित तथा अन्तर्विष्ट।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 वर्ष 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 59 द्वारा बढ़ाया गया।

(2) उक्त {ग्राम सभा}[1] के किसी प्राधिकारी के समक्ष उक्त दिनांक को विचाराधीन ऐसी समस्त कार्यवाहियों, जिनका इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन ग्राम पंचायत के समक्ष प्रारम्भ किया जाना अथवा उसके द्वारा सम्पन्न किया जाना अपेक्षित हो, ग्राम पंचायत को संक्रमि कर दी जायेगी और उसके द्वारा जारी रखी जायेगी और ऐसी अन्य समस्त कार्यवाहियां भी, यथासम्भव, उस प्राधिकारी को संक्रमित कर दी जायेगी और उसके द्वारा जारी रखी जायेंगी, जिसके समक्ष अथवा जिसके द्वारा वे इस अधिनियम के अउपबनधों के अधीन प्रारम्भ या सम्पन्न की जाती।

(3) उक्त {ग्राम सभा}[1] के प्राधिकारी के समक्ष उक्त दिनांक को विचाराधीन समस्त अपीलें, यथाव्यवहार्य, इस प्रकार निस्तारित की जायेंगी मानों उसके प्रारम्भ किये जाने के समय ग्राम पंचायत विद्यमान थी।

(4) उक्त {ग्राम सभा}[1] द्वारा या उसकी ओर से चलाये गये अभियोजन और उक्त गांव सभा द्वारा या उसके विरूद्ध या उक्त {ग्राम सभा}[1] के किसी अधिकारी द्वारा या उसके विरूद्ध चलाये गये सभी वाद और अन्य विधिक कार्यवाहियां, जो उक्त दिनांक को विचाराधीन हो, यथास्थिति, ग्राम पंचायत या अधीकारी द्वारा या उसके विरूद्ध उसी प्रकार जारी रहेगी मानों ऐसे अभियोजन, वाद या कार्वाही चलाये जाने के समय ग्राम पंचायत संघटित की जा चुकी हो।

ग्राम पंचायतों के संगठन तक के लिए व्यवस्था

118–– इस अधिनियम में किसी बात के होते हुए भी, उत्तर प्रदेश पंचायत विधि (संशोधन) अधिनियम, 1994 के प्रारम्भ के दिनांक को और से, {उक्त अधिनियम द्वारा यथासंशोधित इस अधिनियम के अधीन प्रथम बार}[3] ग्राम पंचायतों के संगठन तक की अवधि के दौरान गांव पंचायत और उकसे प्रधान, उपप्रधान और सदस्य क्रमशः ग्राम पंचायत और उसके प्रधान, उपप्रधान और सदस्यों के अधिकारों का प्रयोग, कृत्यों का सम्पादन और कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और ग्राम पंचायत के प्रधान, उपप्रधान और सदस्य समझे जायेंगे।

कठिनाइयों को दूर करने की शक्ति

119–– (1) यदि इस अधिनियम के उपबन्धों को या इस अधिनियम में किसी बात के होने के कारण, तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य अधिनियमिति को प्रभावी बनाने में कठिनाई उत्पन्न हो तो राज्य सरकार जैसा अवसर विशेष पर अपेक्षित हो, अधिसूचित आदेश द्वारा, यह निदेश दे सकती है कि यह अधिनियम ऐसे अनुकूलनों के अधीन रहते हुए, चाहे वे परिष्कार, परिवर्धन या लोप के रूप में हो, प्रभावी होगा, जिन्हें वह आवश्यक या इष्टकर समझें।

(2) उपधारा (1) के अधीन कोई आदेश उत्तर प्रदेश पंचायत विधि (संशोधन) अधिनियम, 1994 के प्रारम्भ से दो वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात् नहीं किया जायेगा।

(3) उपधारा (1) के अधीन किसी आदेश द्वारा बनाए गए उपबन्ध प्रभाव होंगे, मानो इस अधिनियम में अधिनियमित किये गये हैं और ऐसा कोई आदेश किसी भूतलक्षी दिनांक से, किन्तु जो उत्तर प्रदेश पंचायत विधि (संशोधन) अधिनियम, 1994 के प्रारम्भ के पूर्व का दिनांक नहीं होगा, दिया जा सकता है।

(4) उपधारा (1) के अधीन दिया गया प्रत्येक आदेश, यथाशक्य शीघ्र, राज्य विधान मण्डल के दोनों सदनों के समक्ष रखा जायेगा और उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 की धारा 23–क की उपधारा (1) के उपबन्ध उसी प्रकार लागू होंगे, जिस प्रकार वे किसी उत्तर प्रदेश अधिनियम के अधीन राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के सम्बन्ध में लागू होते हैं।}[2]

---

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 वर्ष 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 59 द्वारा बढ़ाया गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 21 वर्ष 1995 की धारा 13 द्वारा बढ़ाया गया।

अनुसूची

{धारा 68 देखिये}

	सिविल वादों का विवरण	परिसीमा अवधि	वह समय जब से अवधि प्रारम्भ होती है
1–	किसी संविदा पर देय धनराशि के लिये	3 वर्ष	जब धनराशि वादी को देय हो जाये।
2–	जंगम सम्पत्ति या उसके मूल्य की वसूली के लिये	3 वर्ष	जब वादी जंगम सम्पत्ति के परिदान का हकदार हो गया हो ।
3–	किसी जंगम सम्पत्ति को दोषपूर्ण रूप से लेने या हानि पहुंचाने के निमित्त प्रतिकर के लिये	3 वर्ष	जब जंगम सम्पत्ति को दोषपूर्ण रूप से ली गयी थी या जब उसे हानि पहुॅचायी गयी थी ।
4–	पशुओं के अनधिकृत प्रवेश द्वारा पहुंची क्षति के लिये	6 मास	जब पशुओं के अनधिकृत प्रवेश द्वारा क्षति पहुॅची थी।

THE UNITED PROVINCES PANCHAYAT RAJ ACT, 1947[1]
[U. P. ACT No. XXVI OF 1947]

Amended by
U. P. Act No. X of 1950
U. P. Act No. VI of 1952
U. P. Act No. XVIII of 1952
U. P. Act No. VI of 1954
U. P. Act No. II of 1955
U. P. Act No. 19 of 1957
U. P. Act No. 15 of 1960
U. P. Act No.3 of 1961
U. P. Act No. 33 of 1961
U. P. Act No.9 of 1962
U. P. Act No. 20 of 1963
U. P. Act No. 10 of 1965
U. P. Act No. 20 of 1966
U. P. Act No. 14 of 1968
U. P. Act No.6 of 1969
U. P. Act No. 19 of 1970
U. P. Act No. 18 of 1971
U. P. Act No. 31 of 1972
U. P. Act' No.3 of 1973
U. P., Act No. 37 of 1978

[Passed by the United Provinces Legislative Assembly On June 5, 1947, and by the United Provinces Legislative Council on September 16, 1947.

Received the assent of the Governor General of the Dominion of India on December 7; 1947, under section 76 of the Government of India Act, 1935, and was published in the United Provinces Government Gazette, dated December 27, 1947.]

AN

ACT

to establish and develop local self-government on the rural areas of the United Provinces.

Whereas it is expedient to establish and develop local self government in the rural area, of the United Provinces and to make better provision for village administration and development;

It is hereby enacted as follows:

1. For statement of objects and reasons see Gazette, Extraordinary, dated August 8, 1946.

CHAPTER I
PRELIMINARY

Short title, extent and commencement

1- (1) This Act may be called the United Provinces Panchayat Raj Act, 1947.

(2) It shall extend to the whole of the United Provinces except the area, which has been, or may hereafter be, declared as, or included in 8[a city under the Uttar Pradesh Nagar Mahapalika Adhiniyam, 1959, or][5] a municipality [or][1] notified area under the provisions of the United Provinces Municipalities Act, 1916, or as a cantonment under the provisions of the Cantonments Act, 1924, or as a town area under the United Provinces Town Areas Act. 1914.

[* * *][6]

(3) It shall come into force at once.

Definitions

2- In this Act, unless there is anything repugnant in the subject or context-

(a) "Nyaya Panchayat" means a Nyaya Panchayat established under section 42 and includes bench thereof;

(b) "adult" means a person who has [attained the age of twenty-one years][2] ;

[(bb) "backward classes" means the backward classes of citizens specified in Schedule-I of the Uttar Pradesh public Services (Reservation for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other Backward Classes) Act, 1994;][9]

(c) ["Criminal Case"][3] means a criminal proceeding in respect of an offence triable by a Nyaya Panchayat; [and includes a proceeding under section 53][7];

(d) "circle" means the area within which a Nyaya Panchayat exercises jurisdiction under section 42 ;

[(e) "Collector" or "District Magistrate" or "Sub-Divisional Magistrate", with reference to a [Gram Sabha][8], means the Collector, District Magistrate or Sub-Divisional Magistrate of the district or the sub-division, as the case may be, in which such [Gram Sabha][8] is constituted. and shall respectively include Additional Collector, Additional District Magistrate and Additional Sub-Divisional Magistrate;][4]

[(f) "Zila Panchayat" shall have the meaning assigned to it under clause (ii) of section 2 of the Uttar Pradesh Kshettra Panchayats and Zila Panchayats Adhiniyam, 1961;

1. Subs. by sub-section (2) of section 2 of U. P. Act no. II of 1955.
2. Subs. by section 3 (1) ibid.
3. Subs. by section 3 (2) ibid.
4. Added and be deemed always to have been added by sub-section (2) (i) of U. P. Act no. XIX of 1957.
5. Ins. by section 2 (a) of U. P. Act no. 37 of 1978.
6. Del. by section 2(b) ibid.
7. Ins. by section 3(a) ibid.
8. Substituted by section 2 of U.P. Act No. 9, 1994.
9. Added by section 3(a) ibid.

		(g) "Gram Sabha " means a body established under section 3, consisting of persons registered in the electoral rolls relating to a village comprised within the area of a Gram Panchayat; (h) "Gram Panchayat" means the Gram Panchayat "constituted" under section 12 ;][6] [(hh) "Finance Commission" menas the Finance Commission constituted under Article 243-I of the Constitution; (hhh) "Kshettra Panchayat" shall have the meaning assigned to it under clause (6) of section 2 of the Uttar Pradesh Kshettra Panchayats and Zila Panchayats Adhiniyam, 1961;][7] [(i) "Electoral Registration Officer" means an officer so nominated or designated under sub-section (1) of section 9;][3]; (j) [* * *][1] [(k) "Munsif " and "Judicial Magistrate", with reference to a Nyaya Panchayat, mean the Munsif or the Magistrate, as the case may be, having local jurisdiction in respect of civil or criminal case respectively, in the circle of such Nyaya Panchayat;][4] [(kk) "State Election Commission" means the State Election Commission referred to in Article 243-K of the Constitution; [(kkk) 'Mukhya Nirvachan Adhikari (Panchayat)' means an officer of the State Government appointed, designated or nominated as such by the State Election Commission in consulatation with the State Government;][10] (l) "population" means the population as ascertained at the last preceding census of which the relevant figures have been published; (ll) "Panchayta area" means the territorial area of a Gram Panchayat declared as such under sub-section (1) of section 11-F;][8]
UP Act III of 1901 UP Act I of 1951 UP Act XIV of 1980		(m) [* * *][5] [(mm) "Public property" and "public land" means any public building, park or garden or other place to which for the time being the public have or are permitted to have access whether on payment or otherwise;][2] (n) "public servant" means a public servant as defined in section 21 of the Indian Penal Code, 1860 ;

1. Del. by section 3(3) of U. P. Act no. II of 1955.
2. Added by sub-section (5) of section 3 ibid.
3. Subs. by section 3(b) of U. P. Act no. 37 of 1978.
4. Subs. by section 3(c) ibid.
5. Del. by section 3 (d) ibid.
6. Substituted by section 2 (b) of U.P. Act No. 9, 1994.
7. Added by section 3(c) ibid.
8. Subs. by section 3 (d) ibid.
9. Subs. by section 2 of U. P. Act No. 29 of 1995.
10. Added by section 2 of U. P. Act No. 21 of 1995.

